RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



पेज 7 करीना कपूर ने नए कलाकारों पर...

वर्ष : 26 | अंक : 13 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 03 जनवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

अडाणी- हिंडनबर्ग पर सुप्रीम फैसला

# सेबी की जांच में दखल से इंकार

## तीन माह में जांच पूरी करें : सुप्रीम कोर्ट







**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अडानी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आज बड़ा फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए सेबी की जांच रिपोर्ट में दखल देने से इनकार कर दिया है। 3 जजों की बेंच ने कहा कि सेबी की जांच उचित है और वह इस मामले की जांच के लिए सक्षम एजेंसी है। मार्केट रेग्यूलेटर ने अडानी हिंडनबर्ग मामले में 24 में से 22 मामलों की जांच पूरी कर ली है और अभी भी 2 मामलों की जांच बची है। सुप्रीम कोर्ट ने बाकी बचे दोनों मामलों की जांच पूरी करने के लिए सेबी को तीन महीने की मोहलत दी गई है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आते ही अडाणी समूह के शेयरों में बड़ा उछाल देखा गया है। इससे पहले बीते 24 नवंबर को इस मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने मार्केट रेग्यूलेटर सेबी की जांच और एक्सपर्ट्स कमेटी पर उठाए जा रहे सवालों को नकारते हुए अपना फैसला सुरक्षित रखा था। गौरतलब है कि अमेरिकी शॉर्ट सेलर फर्म ने साल 2023 में जनवरी के ही महीने (शेष पृष्ठ-3 पर)

### सत्यमेव जयते : अडाणी



" सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने सोशल मीडिया साइट पर सत्यमेव जयते लिखते हुए कहा है कि सत्य की जीत हुई है। उन्होंने इस मामले में उनका साथ देने वाले सभी लोगों का आभार भी जताया और कहा कि देश के विकास में योगदान जारी रहेगा।

### शेयरों में तूफानी तेजी


सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले ही अडानी ग्रुप की शेयर बाजार में लिस्टेड सभी कंपनियों के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिलने लगी थी। स्टॉक मार्केट में कारोबार शुरू होने के साथ ही अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 14.29 % उछलकर 1214 रुपये पर पहुंच गया। अडानी टोटल गैस के शेयर में भी 10 फीसदी की तेजी दर्ज की गई, जबकि NDTV का स्टॉक 9.15 फीसदी चढ़कर कारोबार कर रहा था। Adani Green Energy में 8 फीसदी, तो वहीं अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंनी Adani Enterprises में 7 फीसदी का उछाल आया।

# स्क्रैप माफिया रवि काना की 100 करोड़ की संपत्ति सीज

**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर में सरिया एवं स्क्रैप के बड़े माफिया रवि काना पर गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई की गई है। गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई किए जाने के बाद कमिश्नरेट पुलिस ने स्क्रैप माफिया रवि काना की आर्थिक कमर पर बड़ा प्रहार किया है। बीती देर रात पुलिस ने दो थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए कुख्यात रवि काना की करीब 100 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति को सीज कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद से रवि काना व उसके आकाओं में हड़कप मच गया है।

आपको बता दें कि सरिया एवं स्क्रैप के सबसे बड़े माफिया रवि काना के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक बीती देर रात थाना बीटा-2 पुलिस ने थाना ईकोटेक-1

## नोएडा कमिश्नरेट पुलिस का बड़ा एक्शन, 20 ट्रक, 30 करोड़ की जमीन, 5 करोड़ का स्क्रैप व एक बड़े गोदाम को किया गया सीज




क्षेत्र में स्थित पोबारी गांव में दबिश दी। पुलिस ने यहां करीब 5 करोड रुपए के स्क्रैप व 30 करोड रुपए की जमीन को सीज किया है। इसके अलावा थाना बिसरख क्षेत्र के चेरी काउंटी क्षेत्र में 5000 गज जमीन पर बने गोदाम को भी पुलिस ने सील किया है। पुलिस ने 20 खाली ट्रक, स्क्रैप से लगे दो ट्रक को भी सीज किया है। पुलिस ने करीब 200 टन स्क्रैप तथा 10 लाख रुपए का सरिया भी सीज किया है। मौके से कई बड़े वाहनों के दस्तावेजों को भी पुलिस ने सीज किया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि बीती रात हुई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने करीब 100 करोड रुपए की संपत्ति को सीज कर रवि काना की आर्थिक कमर को तोड़ने का काम किया है।

वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस रवि काना द्वारा सरिया व स्क्रैप के अवैध कारोबार से कमाई गई संपत्ति का पता लगाने में जुटी हुई है। पुलिस उसके सभी ठिकानों तथा संपत्ति के बारे में गहनता से पड़ताल कर रही है। बता दें कि कभी पुलिस की सुरक्षा में बेखौफ चलने वाला स्क्रैप माफिया रवि काना (शेष पृष्ठ-3 पर)

# महिला व पुरूष की संदिग्ध मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना कासना क्षेत्र के साइट-5 में रहने वाली एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वही सड़क किनारे गंभीर हालत में पड़े एक व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसने दम तोड़ दिया मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।



मूल रूप से जनपद सीतामढ़ी बिहार निवासी धर्मेंद्र कुमार अपनी पत्नी रेखा के साथ साइट फाइव इंडस्ट्रियल एरिया में झुग्गी डालकर रह रहा था। उसकी पत्नी अचानक बेहोश होकर गिर गई। उपचार के लिए वह उसे जिम्स अस्पताल लेकर पहुंचा जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलने पर थाना कासना पुलिस ने रेखा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। वहीं थाना ईकोटेक- 1क्षेत्र के लुक्सर गांव में स्थित हनुमान मंदिर के पास बेहोशी की हालत में पड़े एक व्यक्ति को लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल (शेष पृष्ठ-3 पर)

नौकरशाहों को बड़ी राहत

# कोर्ट में व्यक्तिगत पेशी को लेकर तय की गाइडलाइन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट से यूपी की नौकरशाही के लिए एक बहुत बड़ा राहत वाला फैसला आया है। अदालतों में व्यक्तिगत पेशी पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक एसओपी बना दी है। बहुत आवश्यक होने पर अगर अफसरों को कोर्ट में पेश होने को कहना है, तो पहला विकल्प उन्हें वीडियो कांफ्रेंसिंग का देना होगा और इसकी पूर्व सूचना भी देनी होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को कोर्ट में कैसे बुलाया जाएगा यह तय कर दिया है। इसको लेकर स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर (एसओपी) बनाया गया है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाई कोर्ट को आगाह किया है कि सरकारी अधिकारियों को अपमानित न किया जाए। उनकी पोषाक और दिखावे पर टिप्पणी न करने के निर्देश दिए हैं।

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूपी के अधिकारियों के खिलाफ यूपी के अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक अवमानना की सख्ती लागू नहीं की जा सकती। ऐसे अधिकारियों को बुलाने के ऐसे



### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग होगा विकल्प

" कोर्ट ने कहा सरकारी अधिकारियों को बुलाने के लिए, पर्याप्त तैयारी के लिए अग्रिम सूचना दी जानी चाहिए और ऐसी उपस्थिति के लिए पहला विकल्प वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होना चाहिए।

आदेशों की आवृत्ति संविधान द्वारा परिकल्पित योजना के विपरीत है।

कोर्ट ने कहा कि साक्ष्य, सारांश कार्यवाही में (शेष पृष्ठ-3 पर)

# डांस कर रहे युवकों को रोकना पड़ गया भारी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जारचा कस्बे में एक दुकान में तेज आवाज में डीजे बजाकर डांस कर रहे कुछ युवकों को टोकना पड़ोसी को खासा महंगा पड़ा। नशे में धुत्त युवकों ने युवक के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच बचाव के लिए आए युवक के माता-पिता को भी दबंगों ने जमकर पीटा। पीड़ित ने चार भाइयों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। जारचा कस्बे में दुकान चलाने वाले अमित, सुमित राहुल रवि पुत्र प्रेम सिंह बीती 1 जनवरी की शाम को अपनी दुकान में डीजे चलाकर डांस कर रहे थे। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले जनरल सैनी ने उनसे डीजे की आवाज कम करने को कहा तो चारों भाइयों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। जनरल सैनी के मुताबिक चारों भाई शराब के नशे में थे। उसने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट की। मारपीट होता देखकर उसके परिजन उसे बचाने आए तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बीच बचाव कर दिया जिसके बाद में घर चले आए इसके बाद नशे में धुत्त चारों भाई लाठी-डंडों से लैस (शेष पृष्ठ-3 पर)

# पति से अलग रह रही पत्नी ने की आत्महत्या

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के कस्बा सूरजपुर में किराए पर रह रही एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला का अपने पति से विवाद चल रहा था और वह अपने मौसेरे भाई के साथ सूरजपुर में रह रही थी। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मूल रूप से आगरा निवासी अंजलि अपने मौसेरे भाई के साथ सूरजपुर में किराए पर रह रही थी बीती शाम अंजलि ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब उसका मौसेरा भाई कमरे पर पहुंचा तो अंजलि फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। मौसेरे भाई ने पड़ोसी की मदद से उसे फंदे से नीचे उतरा और अस्पताल लेकर पहुंचा जांच चिकित्सकों से मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलने पर थाना सूरजपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी का कहना है कि मौके (शेष पृष्ठ-3 पर)

# 'दोस्ती करो वर्ना तेजाब फेंक देंगे'

## सिरफिरे आशिक ने छात्रा को दी धमकी, मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** दोस्ती से इनकार करने पर एक सिरफिरे युवक ने बीकॉम की छात्रा पर तेजाब फेंकने की धमकी दी है। सिरफिरे की धमकी से सहमी छात्रा ने थाना जेवर में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना क्षेत्र के थोरा गांव निवासी तृप्ति काल्पनिक नाम ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा है। बीते 25 दिसंबर की शाम को एक अनजान नंबर से उसके व्हाट्सएप पर दोस्ती करने के लिए मैसेज आया। उसने दोस्ती करने से साफ इनकार कर दिया। तृप्ति का कहना है कि उसके द्वारा मना करने पर उक्त युवक व्हाट्सएप पर गाली-गलौज व अपशब्द वाले मैसेज भेजना लगा। सिरफिरे युवक ने उससे कहा कि उसने 2 वर्ष पहले भी उसे दोस्ती के लिए ऑफर किया था लेकिन उसने उस समय भी उसका



प्रस्ताव ठुकरा दिया था, इसलिए वह अब उसे छोड़ेगा नहीं। सिरफिरे युवक ने कहा कि अगर उसने उसकी बात नहीं मानी तो वह उसके चेहरे पर तेजाब डाल देगा जिससे वह भविष्य में किसी से भी दोस्ती के काबिल नहीं रहेगी।

तृप्ति ने बताया कि उसने इस बात की जानकारी अपने माता-पिता व भाई को दी। परिजनों ने जब उक्त नंबर पर संपर्क किया तो उक्त युवक ने उनके (शेष पृष्ठ-3 पर)

# छेड़खानी व धमकी देने वाले पड़ोसी पर मुकदमा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर में एक व्यक्ति ने अपने पड़ोस में रहने वाले युवक के खिलाफ छेड़खानी करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि मनचले युवक ने घर के बाहर खड़ी उसकी बेटी के साथ छेड़खानी की। संतोष नगर कॉलोनी तिलपता करनवास निवासी राजेश काल्पनिक नाम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीते 31 दिसंबर की शाम को उसकी बेटी घर के बाहर खड़ी हुई थी। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले कुलदीप नमक युवक उसे अकेला देखकर छेड़खानी करने लगा। उसकी बेटी ने जब शोर मचाया तो कुलदीप उसे धमकाने लगा और इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। उसकी बेटी ने जब शोर मचाया तो आस पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# दो दर्जन दरोगाओं और आरक्षियों के तबादले

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा के विभिन्न थानों में तैनात करीब डेढ़ दर्जन दरोगाओं (उप निरीक्षक/ सब इंस्पेक्टर) और मुख्य आरक्षी व आरक्षियों के तबादले कर दिए गए हैं। कुछ दरोगाओं का कद भी बढ़ाया गया है और उन्हें वरिष्ठ उप निरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दरोगाओं के स्थानांतरण का यह आदेश जिला स्तर पर गठित पुलिस स्थापना बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के बाद जारी किया गया है। नोएडा पुलिस कमिश्नरेट में तैनात पुलिस उपायुक्त नोएडा सेंट्रल सुनीति की ओर से जारी आदेश के अनुसार, उप निरीक्षक जितेंद्र चौहान को थाना सूरजपुर में ही





वरिष्ठ उप निरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि राजकुमार सिंह को सेंट्रल नोएडा से वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना सेक्टर 142, धनन्जय सिंह को थाना फेस 3 में ही वरिष्ठ उप निरीक्षक, लक्षेंद्र को थाना सेक्टर 63 में वरिष्ठ पर निरीक्षक की जिम्मेदारी देकर भेजा गया है। इसके अलावा उप निरीक्षक राजवीर सिंह को सेंट्रल नोएडा से थाना फेस 2, (शेष पृष्ठ-3 पर)

# सड़क हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-3 क्षेत्र के गढ़ी चौखंडी गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी अस्पताल में मौत हो गई। नंदग्राम गाजियाबाद निवासी चेतन सिंह पुत्र शशि पाल सिंह किसी कार्य से सोमवार को नोएडा आए थे। वह गढ़ी चौखंडी गांव के शनि मंदिर के पास रोड पार कर रहे थे। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से चेतन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से गुजर रहे दो राहगीरों ने उन्हें उपचार के लिए सेक्टर 70 स्थित एस आर एस अस्पताल में भर्ती कराया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें सेक्टर 39 स्थित जिला अस्पताल भेजा गया। यहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। अस्पताल में उपचार के दौरान चेतन सिंह की मौत हो गई। इस संबंध में उनके भाई सत्येंद्र सिंह ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी का कहना है कि पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के सेक्टर जीटा 1 में अपनी मौसी के घर आई किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों लापता हो गई। वहीं थाना ईकोटेक तीन क्षेत्र से पूर्व में लापता हुई किशोरी के पिता ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है। मूल रूप से हरी एनक्लेव बुलंदशहर निवासी प्रवेश चौधरी काल्पनिक नाम ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी तथा दो बच्चों के साथ मौसी के घर सेक्टर जीटा 1 स्थित सोसायटी में आए थे। 1 जनवरी को उनके (17 वर्षीय) बेटी सुबह 5 बजे घर से निकल गई। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण (शेष पृष्ठ-3 पर)

# मेरठ से लोकसभा चुनाव लडेंगे मनोज गुप्ता!

**नोएडा (चेतना मंच)।** 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से तकरीबन 60 फीसदी सांसदों के टिकट बदले जाने की चर्चा है। उनके स्थानों पर भारतीय जनता पार्टी नये प्रत्याशी चुनावी मैंदान में उतारेगी। इसी कड़ी में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी गाजियाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मेरठ समेत कई लोकसभा क्षेत्रों में नये प्रत्याशियों की तलाश तथा दावेदारी शुरू हो गयी है।

मेरठ लोकसभा क्षेत्र से जिन प्रत्याशियों ने हाईकमान से टिकट की दावेदारी की है



उनमें प्रमुख तौर पर नोएडा महानगर के जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता का नाम चर्चा में है। मेरठ लोकसभा सीट से इस बार मनोज गुप्ता भाजपा से टिकट की दोवदारी कर रहे हैं। उन्होंने पार्टी हाईकमान के समक्ष मेरठ से चुनाव लड़ने की दावेदारी पेश की है।


**मेरठ लोकसभा क्षेत्र (वर्ष 2009 से 2019 तक)**

| प्रत्याशी | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|
| राजेन्द्र अग्रवाल ( भाजपा ) | 586184 | 48.17 |
| राजेन्द्र अग्रवाल ( भाजपा ) | 532981 | 30.21 |
| राजेन्द्र अग्रवाल ( भाजपा ) | 232137 | 15.39 |

बता दें कि मनोज गुप्ता पिछले करीब तीन दशक से भाजपा के कर्मठ व समर्पित कार्यकर्ता हैं। वे लगातार दूसरी बार नोएडा महानगर से भाजपा के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इसके पूर्व कई पदों पर वह रह चुके हैं। उनके कार्यकाल में भाजपा की उपलब्धियां किसी से छिपी नहीं हैं। गौतमबुद्धनगर लोकसभा की तरह मेरठ लोकसभा क्षेत्र भी भाजपा का गढ़ बन चुका है। यहां से भाजपा के राजेन्द्र अग्रवाल लगातार 3 बार सांसद चुने गये हैं।

सूत्रों की मानें तो वरिष्ठ भाजपा नेता (शेष पृष्ठ-3 पर)

ISHWAR PHYSIO CARE
PHYSIOTHERAPY & REHABILITATION
Dr. Ankur Sharma (PT)



Physical Therapy For Elderly
Neurological Therapy
Orthopedic Physiotherapy
Sports Physiotherapy
Home Visit Available
9990144473, 8130990799
C-16, Jaipuria Building, Kaushambi

## बसों का योगदान

भारत बहुत विशाल देश है। विभाजन के बाद भी कन्याकुमारी से लेकर पंजाब में अटारी तक, उत्तर-पूर्व से लेकर पश्चिम तक, हिमाचल की चोटियों से लेकर सागरों के संगम तक विशाल भूभाग में फैला भारत देश है। अपने देश के सभी भागों में बसे भारतीयों को जोड़ने के लिए, व्यापार एवं उद्योग के लिए भारतीय रेल का बहुत बड़ा महत्व है। यह ठीक है कि सामान ढोने के लिए ट्रकों तथा यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए सरकारी और गैर-सरकारी बसें भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। हमारे पर्यटक हजारों मीलों की दूरी बसों द्वारा ही तय करते, तीर्थ यात्रा करते, पर्यटन का आनंद लेते हैं। पहाड़ों के शिखरों, लद्दाख, किन्नौर आदि से लेकर सिक्किम के उच्च शिखरों तक और फिर राजस्थान के दुनिया के सबसे बड़े रेगिस्तानों तक रेल और बस से ही पहुंचते हैं, लेकिन यह सत्य है कि हमारे देश के लोग अधिकतर रेल यात्रा ही पसंद करते हैं और यात्रा के लिए रेलगाड़ियों का ही सबसे बड़ा सहारा है और यही यातायात के साधन हैं। भारतीय रेलवे के स्वामित्व में, भारतीय रेलवे में 12147 लोकोमोटिव, 74003 यात्री कोच और 289185 वैगन हैं और 8702 यात्री ट्रेनों के साथ प्रतिदिन कुल 13523 ट्रेनें चलती हैं। भारतीय रेलवे में 300 रेलवे यार्ड, 2300 माल ढुलाई और 700 मरम्मत केंद्र हैं। यह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी रेलवे सेवा है। यह भी सच है कि भारत के सवा दो करोड़ से ज्यादा लोग प्रतिदिन रेलयात्रा करते हैं। कटड़ा-वैष्णो देवी से लेकर कन्याकुमारी तक यात्रा करवाने वाली रेलगाड़ियां अब देश में हैं। एक समय ऐसा भी था जब न बैठने के लिए सीटें आरामदायक थीं और न ही तेज गति की गाड़ियां। अब भारत की जनता को सरकारों के सतत प्रयास से पिछले 75 वर्षों की साधना के साथ आज सुखद तेज गति वाली गाड़ियां उपलब्ध हैं। पिछले एक दशक में तो रेल यात्रा में क्रांतिकारी सुधार हुए हैं। शताब्दी, जन शताब्दी, वंदेमातरम, उससे पहले गरीबरथ, जन शताब्दी जैसी गाड़ियां भारत की जनता की सेवा में हैं। यह भी सच है कि अगर ये मालवाहक गाड़ियां न होतीं तो शीघ्र गति से देश के एक भाग से दूसरे भाग में आवश्यक वस्तुएं भी न पहुंच पातीं। कौन नहीं जानता कि दो-चार दिन ही कोयला न मिले तो कोयले से चलने वाले सभी बिजली उत्पादक प्लांट ठप हो जाएं और लोग अंधेरों में रहने को विवश हो जाएंगे। इसलिए हर सरकार की यह कोशिश रहती है कि कोयला जहां से भी उपलब्ध है, वह शीघ्रातिशीघ्र अपने प्रांत में पहुंचाया जाए। कौन नहीं जानता कि पंजाब सरकार ने इसके लिए अब बहुत ही प्रशंसनीय प्रयास किए हैं। एक सवाल फिर सुरसा के मुंह की तरह। शायद सुरसा का मुंह उससे छोटा है, जो सवा दो करोड़ लोग प्रतिदिन रेल यात्रा करते हैं, उनमें से बहुत बड़ा वर्ग उन लोगों का है जो आर्थिक दृष्टि से सरकार की किताब में बहुत गरीब हैं, मुफ्त राशन लेने वाले हैं। उज्ज्वला योजना की सुविधा भी प्राप्त कर रहे हैं। अंत्योदय समाज भी है। वैसे लोग भी हैं जो केवल दो-चार सौ रुपया रोज भी कमाने के लिए उत्तर से दक्षिण और दक्षिण से उत्तर तक इन गाडियों का ही सहारा लेते हैं। इन लोगों की यात्रा सुविधाजनक बनाने के लिए रेल यात्रा में समानता तो दूर, घोर असमानता है। एक तरफ तो कुछ रेल गाडियां ऐसी हैं जिनके डिब्बों में न धूल पहुंचती है, न बाहर स्टेशन पर खड़े लोग अंदर की गद्देदार सीटें कभी छू भी सकते हैं और एसी की हवा का आनंद तो ले ही नहीं सकते। रेलवे स्टेशन पर प्रवेश करते ही आर्थिक असमानता का मुंह बोलता कहिए या विषम दर्शन कहिए, हो जाता है। जैसे ही प्लेटफार्म पर हम यात्री लोग सामान सिर से उठाकर या उठवाकर रखते हैं तो पहला प्रयास होता है किसी प्रतीक्षालय को पाने का। मैं कभी नहीं भूल सकती कि जिन दिनों तीसरे दर्जे की टिकट लेकर, अब उसका नाम दूसरा दर्जा हो गया है, स्टेशन पर जाते थे तो फिर प्रतीक्षालय के बाहर लगा बोर्ड और सामने खड़ी कर्मचारी यह याद करवा देती थी कि यह प्रतीक्षालय उच्च श्रेणी की टिकट के साथ ही आरक्षण पाए यात्रियों के लिए है। किसी शारीरिक आवश्यकता के लिए उस प्रतीक्षालय के अंदर दो पल जाने के लिए लंबे समय तक कर्मचारी को हाथ जोडक़र यह समझाना पड़ता था कि अत्यंत आवश्यक है, कृपया आज्ञा दे दीजिए। अब भी इसी सप्ताह प्रतीक्षालयों के बाहर लगे वही सूचनापट्ट देखे। उच्च श्रेणी के आरक्षित टिकट वाले यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय। सारे स्टेशन के केवल एक प्लेटफार्म पर यह सुविधा रहती है और वे यात्री जो इतने आर्थिक साधन नहीं रखते, उनके लिए खुले में ही प्रतीक्षालय हैं। परिवार के छोटे-बड़े सदस्यों के साथ बच्चे और महिलाएं किसी बेंच पर या जमीन पर एक साधारण सा कपड़ा बिछाकर सोते हैं, बैठते हैं, खाते हैं। सबसे करुणामय दृश्य तब हो जाता है जब रेलगाड़ी के स्टेशन पर पहुंचते ही कोई सिर पर बच्चों को उठाकर, कोई सामान की गठरी पीठ पर लटकाकर, ट्रंक सिर पर लिए दौड़ते हैं, शिक्षा का अभाव भी वहां काफी रहता है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि श्री रामजी के चरित्र सुनते-सुनते जो तृप्त हो जाते हैं ( बस कर देते हैं ), उन्होंने तो उसका विशेष रस जाना ही नहीं। जो जीवन्मुक्त महामुनि हैं, वे भी भगवान के गुण निरंतर सुनते रहते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**भव सागर चह पार जो पावा। राम कथा ता कहँ दृढ़ नावा॥**
**बिषइन्ह कहँ पुनि हरि गुन ग्रामा। श्रवन सुखद अरु मन अभिरामा॥**

जो संसार रूपी सागर का पार पाना चाहता है, उसके लिए तो श्री रामजी की कथा दृढ़ नौका के समान है। श्री हरि के गुणसमूह तो विषयी लोगों के लिए भी कानों को सुख देने वाले और मन को आनंद देने वाले हैं॥

**श्रवनवंत अस को जग माहीं। जाहि न रघुपति चरित सोहाहीं॥**
**ते जड़ जीव निजात्मक घाती। जिन्हहि न रघुपति कथा सोहाती॥**

जगत में कान वाला ऐसा कौन है, जिसे श्री रघुनाथजी के चरित्र न सुहाते हों। जिन्हें श्री रघुनाथजी की कथा नहीं सुहाती, वे मूर्ख जीव तो अपनी आत्मा की हत्या करने वाले हैं॥

**हरिचरित्र मानस तुम्ह गावा। सुनि मैं नाथ अमिति सुख पावा॥**
**तुम्ह जो कही यह कथा सुहाई। कागभुशण्डि गरुड़ प्रति गाई॥**

हे नाथ! आपने श्री रामचरित्र मानस का गान किया, उसे सुनकर मैंने अपार सुख पाया। आपने जो यह कहा कि यह सुंदर कथा काकभुशुण्डिजी ने गरुड़जी से कही थी-

**दो0- बिरति ग्यान बिग्यान दृढ़ राम चरन अति नेह।**
**बायस तन रघुपति भगति मोहि परम संदेह॥**

सो कौए का शरीर पाकर भी काकभुशुण्डि वैराग्य, ज्ञान और विज्ञान में दृढ़ हैं, उनका श्री रामजी के चरणों में अत्यंत प्रेम है और उन्हें श्री रघुनाथजी की भक्ति भी प्राप्त है, इस बात का मुझे परम संदेह हो रहा है॥

**नर सहस्त्र महँ सुनहु पुरारी। कोउ एक होई धर्म ब्रतधारी॥**
**धर्मसील कोटिक महँ कोई। बिषय बिमुख बिराग रत होई॥**

हे त्रिपुरारि! सुनिए, हजारों मनुष्यों में कोई एक धर्म के व्रत का धारण करने वाला होता है और करोड़ों धर्मात्माओं में कोई एक विषय से विमुख (विषयों का त्यागी) और वैराग्य परायण होता है॥

**कोटि बिरक्त मध्य श्रुति कहई। सम्यक ग्यान सकृत कोउ लहई॥**
**ग्यानवंत कोटिक महँ कोऊ। जीवनमुक्त सकृत जग सोऊ॥**

श्रुति कहती है कि करोड़ों विरक्तों में कोई एक ही सम्यक (यथार्थ) ज्ञान को प्राप्त करता है और करोड़ों ज्ञानियों में कोई एक ही जीवन मुक्त होता है। जगत में कोई विरला ही ऐसा (जीवन मुक्त) होगा॥

क्रमशः

# पहले पिछली गलतियों के लिए माफी मांगे, फिर न्याय यात्रा निकाले कांग्रेस

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 14 जनवरी को मणिपुर से भारत न्याय यात्रा करने का ऐलान किया है। पार्टी के अनुसार, भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाने के बाद गांधी देश के लोगों के लिए न्याय मांगेंगे। राहुल गांधी 6200 किलोमीटर की यात्रा के दौरान 14 राज्यों को कवर करेंगे। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जिस कांग्रेस पार्टी ने देश के बंटवारे के फैसले से लेकर लंबे कालखंड तक तमाम अवसरों पर अन्याय किया है, वो आखिरकार किस मुंह से न्याय यात्रा निकालेगी?

1947 में देश के बंटवारे को लेकर कितने किस्से हम और आप ने सुन रखे हैं, लेकिन जिन्होंने बंटवारे में अपना घर-बाहर और अपने को खोया है, वो सिर्फ एक ही बात कहते हैं कि नेहरू की प्रधानमंत्री बनने की जिद ने बंटवारा करवाया। मेरे पूर्वजों ने भी बंटवारे का दंश सहा है। हिन्दुस्तान की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने बंटवारे की पीड़ितों के साथ हर कदम पर अन्याय किया। रिफ्यूजी कैंपों की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं थी। बंटवारे के बाद कई महीनों और वर्षों तक शरणार्थियों के निवास प्रमाण पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज नहीं बने थे। शरणार्थियों को कोई विशेष दर्जा, आरक्षण या छूट सरकार ने नहीं दी। नतीजतन, शरणार्थियों की पूरी एक पीढ़ी शिक्षा, नौकरी और तमाम अन्य क्षेत्रों में पिछड़ गई। शरणार्थियों को बंटवारे से ज्यादा दर्द और तकलीफ नेहरू सरकार की बेरूखी, बेइंसाफी और बदइंतजामी ने दिया।

31 अक्टूबर 1984 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या उनके दो सिख अंगरक्षकों ने की। इसके अगले दिन से ही दिल्ली और देश के दूसरे कुछ हिस्सों में सिख विरोधी दंगे भड़क उठे थे। इन दंगों में सिखों के घरों, दुकानों को जलाया और लूटा गया और उनको मौत के घाट उतारा गया। दिल्ली और अन्य स्थानों पर हत्यारों और लुटेरों की भीड़ का नेतृत्व ज्यादातर कांग्रेस के नेता कर रहे थे। प्रेस एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार इन दंगों में दिल्ली में ही लगभग 2700 लोग मारे गए थे और देशभर में मरने वालों का संख्या 3,500 के करीब थी। 19 नवंबर, 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री और इंदिरा गांधी के उत्तराधिकारी व उनके पुत्र राजीव गांधी ने दिल्ली बोट क्लब में इकट्ठा हुए लोगों के हुजूम के सामने कहा कि, 'जब इंदिरा जी की हत्या हुई थी, तो हमारे देश में कुछ दंगे-फ़साद हुए थे। हमें मालूम है कि भारत की जनता को कितना क्रोध आया, कितना गुस्सा आया और कुछ दिन के लिए लोगों को लगा कि भारत हिल रहा है। जब भी कोई बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती थोड़ी हिलती है।'

प्रधानमंत्री राजीव गांधी के शब्दों में कोई ज़िक्र नहीं था उन हज़ारों सिखों का जो अनाथ और बेघर हो गए थे बल्कि ये वक्तव्य उनके जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा था। दंगों के 21 साल बाद प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने संसद में इसके लिए माफ़ी मांगी और कहा कि जो कुछ भी हुआ, उससे उनका सिर शर्म से झुक जाता है।



साल 1984 में दो दिसंबर की रात को भोपाल में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से जहरीली गैस के रिसाव के असर से सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 15 हजार लोग मारे गए और लाखों लोग घायल हुए। मध्य प्रदेश में उस समय कांग्रेस की सरकार थी और अर्जुन सिंह मुख्यमंत्री थे।

लेकिन क्या इतना कहने भर से ही सरकार का फ़र्ज़ पूरा हो गया? क्या इससे आज़ाद भारत के सबसे सबसे बुरे हत्याकांड की यादें मिट गईं? सिख दंगों के दोषी कांग्रेसी नेता गांधी परिवार के खास हैं। गांधी परिवार के किसी भी सदस्य ने आज तक हजारों निर्दोष सिखों के कत्लेआम के लिए माफी नहीं मांगी है।

साल 1984 में दो दिसंबर की रात को भोपाल में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से जहरीली गैस के रिसाव के असर से सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 15 हजार लोग मारे गए और लाखों लोग घायल हुए। मध्य प्रदेश में उस समय कांग्रेस की सरकार थी और अर्जुन सिंह मुख्यमंत्री थे। केंद्र में भी कांग्रेस की सरकार थी और राजीव गांधी देश के पीएम थे। हादसे के वक्त यूनियन कार्बाइड कंपनी का सीईओ अमेरिकी कारोबारी वारेन एंडरसन था। हादसे के 4-5 दिन बाद यानी सात दिसंबर को एंडरसन भोपाल पहुंचे थे और उन्हें हवाई अड्डे पर ही गिरफ़्तार कर लिया गया था। लेकिन उसी दिन कुछ ही घंटों के बाद उन्हें न केवल ज़मानत मिल गई यहां तक की मध्य प्रदेश राज्य के सरकारी विमान में उन्हें दिल्ली भेजा गया। एंडरसन उसी दिन दिल्ली से अमेरिका चले गए थे। कांग्रेस की सरकार हजारों निर्दोष देशवासियों की हत्या के दोषी को उचित दण्ड और सजा देने की बजाय उसे बचाने और भगाने में मददगार बनी।

देश के संत गोहत्या पर प्रतिबंध लगाने के लिए केंद्र सरकार से कानून बनाने की मांग कर रहे थे। पीएम इंदिरा गांधी से अपनी मांग मनवाने के लिए प्रसिद्ध संत करपात्री जी महाराज के नेतृत्व में सात नवंबर 1966 को देशभर के लाखों साधु-संत अपने साथ गायों-बछड़ों को लेकर संसद के बाहर आ डटे थे। सरकार ने लोकतान्त्रिक तरीके से मांग कर रहे निहत्थे साधु-संतों की भीड़ पर गोली चलवाई, आंसू गैस के गोले छोड़े, लाठियां बरसवाईं। जिसमे सैंकड़ों साधु संतों और गोरक्षकों की जान गई। इसमें मरने वालों की संख्या पर विवाद है। इस घटना के अगले ही दिन टाइम्स ऑफ़ इंडिया में छपी रिपोर्ट में पुलिस की ओर से 209 राउंड फायरिंग की बात कही गयी थी।

1985 में सुप्रीम कोर्ट ने एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो के पति मोहम्मद अहमद खान को हर महीने गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया। लेकिन मुस्लिम कट्टरपंथियों के दबाव में आकर राजीव गांधी सरकार ने 1986 में संसद में कानून बनाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया। इस तरह शाहबानो अदालती लड़ाई जीतने के बाद भी हार गईं। कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति ने उन्हें हरा दिया। असल में मुस्लिम बेटी को अदालत से मिला न्याय कांग्रेस की सरकार ने उससे छीन लिया।

प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा धारा 370 लगाने के बाद से जो कश्मीरी लोगों के साथ अन्याय हुआ और 90 के दशक में कांग्रेस सरकार की बदनीति के कारण जो कश्मीरी पंडित विस्थापित हुए। वो कहां का न्याय था? सरकारी आंकड़े बताते हैं कि 1990 में 44167 कश्मीरी पंडित परिवारों ने घाटी छोड़ी थी। असल में कांग्रेस ने अपने राजनीतिक नफे के लिए धारा 370 को जिंदा रखा और अलगाववादी ताकतों को फटकारने की बजाय सहलाने और मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति पर बल दिया।

1971 के भारत पाक युद्ध में 93000 हजार पाकिस्तान सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने सरेंडर किया था। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 93000 पाकिस्तानी सैनिकों को तो समझौते के मुताबिक उनके देश वापस भेज दिया। लेकिन आयरन लेडी अपनी सेना के 54 सैनिकों, अधिकारियों और लड़ाकू पायलटों को पाकिस्तान से वापस नहीं ला सकीं। सैनिक परिवार सरकार से न्याय की मांग करते रहे, लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिला।

साल 1975 को इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक हित के लिए इमरजेंसी लगाकर संविधान, कानून, राजनीतिक विरोधियों, पत्रकारों, कलाकारों, समाजसेवियों और देश की जनता के साथ जो अन्याय और अत्याचार किये उसके जख्म आज भी हरे हैं। इमरजेंसी में इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी और उनके गैंग के अत्याचार के किस्से आज भी सिहरन पैदा करते हैं।

आजादी के इन 76 सालों में लगभग 60 साल तक केंद्र और राज्यों में कांग्रेस ने शासन किया। इस कालावधि में सत्ता में बने रहने के लिए उसने एक वर्ग विशेष के तुष्टिकरण के लिए सारी सीमाएं लांघ दीं। नतीजतन दूसरे वर्गों को कदम-कदम पर अपेक्षा और अन्याय का शिकार होना पड़ा। इसलिए जब कांग्रेस न्याय यात्रा की बात करती है, तो हंसी आती है। राहुल गांधी को न्याय यात्रा शुरू करने से पहले 1947 के बंटवारे के पीड़ितों, 1984 सिख कत्लेआम के भुगतभोगियों, 1971 के युद्ध में लापता 54 सैनिकों, गोरक्षक संत करपात्री जी महाराज, इमरजेंसी के पीड़ितों, कश्मीरी पंडितों, मुस्लिम बेटी शाहबानो और भोपाल गैस हादसे के पीड़ितों से इस बात की माफी मांगनी चाहिए कि कांग्रेस उन्हें न्याय नहीं दे सकी। शायद तभी सच्चे अर्थों में न्याय यात्रा के साथ न्याय हो पाएगा।

**-आशीष वशिष्ठ**
**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# अव्यवस्था समाधान के बगैर टिकाऊ विकास नहीं

भारत सरकार इस लक्ष्य को लेकर चल रही है कि भारत विश्व की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में होगा तथा जो रोडमैप अगले 25 वर्षों (2047 तक) का बनाया है, इसमें भारत पांच ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था तथा 10 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था होगी। इसको पूरा करना शायद भारत के लिए मुश्किल नहीं होगा, अगर परिस्थितियां अनुकूल रही। भारत ने 2023-24 वित्त वर्ष में विकास दर का लक्ष्य 7 प्रतिशत रखा है। भारत की अर्थव्यवस्था जो कोरोना काल में संकुचित थी, उसमें फिर से उछाल आया है, परंतु ग्लोबल अर्थव्यवस्थाएं अभी भी विपरीत परिस्थितियों में हैं। भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था का 2026 में, सकल घरेलू उत्पादन का 20 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी जो वर्तमान में 11 प्रतिशत है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत 2015 से हमारी अर्थव्यवस्थाएं गुणवत्ता तथा मात्रात्मक दोनों तरह से रूपांतरित हुई हैं। पहले हम तकनीकी ज्ञान के उपभोक्ता थे, परंतु अब हम उपकरणों के उत्पादक हैं तथा बहुत से उत्पादों को अब भारत आयात की जगह निर्यात करता है।

आर्थिक विकास की ओर तीव्र गति से उन्मुख हो रही भारतीय अर्थव्यवस्था में इस समय सामाजिक असंतुलन जैसी स्थिति है। सामाजिक संस्थाएं अपने उद्देश्यों को पूरा करने में सक्षम नहीं हैं। सामाजिक संस्थाओं द्वारा बनाए गए मूल्यों एवं मानदंडों के हिसाब से समाज नहीं चल रहा और यह अपने हिसाब से चलने लगा है, जिससे सामाजिक असंतुलन की स्थिति पैदा हो गई है तथा सामाजिक बुराइयां समाज में फैल गई हैं। इसका प्रभाव आर्थिक विकास पर भी पड़ रहा है जिससे विकास लंबी अवधि का आनंद नहीं ले पता। अगर समय पर सामाजिक बुराइयों का समाधान नहीं किया गया तो ये अपनी जड़ें समाज में पक्का कर लेंगी। भारत में बहुत-सी सामाजिक बुराइयां हैं, जैसे जनसंख्या में बढ़ोतरी, निर्धनता, बेरोजगारी, असमानता, अशिक्षा, गरीबी, आतंकवाद, घुसपैठ, बाल श्रमिक, श्रमिक असंतोष, छात्र असंतोष, भ्रष्टाचार, नशाखोरी, जानलेवा बीमारियां, दहेज प्रथा, बाल विवाह, भ्रूण बालिका हत्या, विवाह विच्छेद की समस्या, बाल अपराध, मद्यपान, जातिवाद, अस्पृश्यता, काला धन, वेश्यावृत्ति, मानसिक रोग, प्रदूषण, लिंग भेद, क्षेत्रवाद व महिलाओं के खिलाफ हिंसा आदि। परंतु डिजिटल धोखा, साइबर क्राइम, भ्रष्टाचार, काला धन, बेरोजगारी, बलात्कार, दवाइयों तथा खानपान की चीजों में मिलावट, हिंसा, नशाखोरी तथा आतंकवाद आदि ने वर्तमान समय में समाज में अपनी जड़ें पक्की कर ली हैं और इन पर ध्यान देने की अत्यंत आवश्यकता है, नहीं तो आर्थिक विकास लंबे समय तक नहीं टिक पाएगा। जैसे कि काले धन की समस्या है, जो उदारीकरण के बाद एक गंभीर समस्या बन गई है तथा एक समानांतर अर्थव्यवस्था के रूप में काम कर रही है। काले धन को आमतौर पर धनी व्यक्तियों द्वारा रखी गई बड़ी रकम को संदर्भित करता है। यह आमतौर पर करों का भुगतान न करने से, अवैध कार्य, तस्करी, यौन अपराध, गबन, भ्रष्टाचार, अवैध कानून, मादक पदार्थों की तस्करी, गैर कानूनी गतिविधियां, खातों का हेरफेर, आभूषणों में लेनदेन, भूमि और अचल संपत्ति के लेन-देन, टैक्स हेवन आदि से उत्पन्न होता है।



यह रिपोर्ट की गई अर्थव्यवस्था के साथ एक समानांतर अर्थव्यवस्था है। इससे अर्थव्यवस्था के आंकड़े सही नहीं आते और गलत तस्वीर प्रस्तुत होती है। सरकार को राजस्व का नुकसान होता है। अमीर, अमीर और गरीब, गरीब होता है। काले धन ने सामाजिक तथा आर्थिक संतुलन को बिगाड़ दिया है। इसने मुद्रास्फीति, कृत्रिम कमी, उत्पादन, वितरण एवं उपभोग, रोजगार एवं बेरोजगारी, मांग और आपूर्ति को प्रभावित किया है। सामाजिक सिद्धांत के रूप में ईमानदारी, कड़ी मेहनत, अर्थव्यवस्था से सादगी लुप्त हो गई है। दूसरी बुराई है भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद, जो राजनीतिक क्षेत्र, प्रशासन, आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक क्षेत्र में अपनी जड़ों को पक्का गड़ाए हुए है। एक और सामाजिक बुराई जिसने अपनी जड़ें समाज में पक्की कर ली हैं वह है मादक पदार्थों की तस्करी, जिसमें युवा और कई तरह के लोग भी संलिप्त हैं तथा इसका युवाओं द्वारा उपभोग न रोका गया तो देश की युवा शक्ति का अभाव सैन्य कार्यों तथा अन्य क्षेत्रों में सहन करना पड़ेगा तथा बहुत से परिवारों को यह सामाजिक तथा आर्थिक रूप से कमजोर कर देगा।


बलात्कार की समस्या एवं औरतों के प्रति अपराधों ने तो इतना भयंकर रूप धारण कर लिया है कि पिता अपनी नाबालिग बेटियों से बलात्कार के दोष में दोषी पाए जा रहे हैं, स्कूल के शिक्षक नाबालिग लड़कियों से बलात्कार तथा छेड़छाड़ के दोषी पाए जा रहे हैं, ससुर अपनी बहुओं को बलात्कार का शिकार बना रहे हैं, रिक्शा चालक एवं वाहन चालक भी बलात्कार की घटनाएं आम तौर पर कर रहे हैं, राजनेता अपराध, हत्या, बलात्कार, तस्करी, भ्रष्टाचार और काला धन के मामलों में घिरे हैं। जुलाई 2022 में 5097 केस एमपी तथा एमएलए के खिलाफ पेंडिंग थे। बलात्कार करने के बाद साक्ष्यों को मिटाने के लिए हत्या कर दी जाती है। ज्यादातर औरतें अपनी पहचान वाले लोगों से ही बलात्कार की शिकार होती हैं, जिनमें ज्यादातर अपने रिश्तेदार ही हैं। कड़े कानूनों के बावजूद रेप की वारदातें दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं और औरतों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

अगर यही दशा रही तो कामकाजी महिलाओं का काम पर जाना मुश्किल हो जाएगा तथा आर्थिक विकास बाधित होगा। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार औरतों के साथ अपराध 2022 में चार प्रतिशत बढ़ा है 2021 की तुलना में। रेप 7.1 प्रतिशत, लज्जा भंग करने में 18.7 प्रतिशत, पति तथा रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता 31.4 प्रतिशत, अपहरण 19. 2 प्रतिशत बढ़े, जबकि दहेज के केस 13479 पंजीकृत हुए। औरतों के साथ अपराध में, जन्म से पूर्व लिंग निर्धारण, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, जबरदस्ती विवाह, औरतों की तस्करी, सडक़ पर यौन उत्पीडऩ तथा काम के स्थान पर उत्पीडऩ, सम्मान के नाम पर किया गया अपराध, तेजाब हमला, रेप, दहेज उत्पीडऩ, घरेलू हिंसा आदि के केस पंजीकृत होते हैं। समाज की मानसिकता को बदलने की आवश्यकता है। जो कठिनाइयां एक औरत न्याय प्राप्त करने के लिए सहन करती है, उनको दूर करने की आवश्यकता है। अलग महिला थाने व न्यायायल होने चाहिएं। जब तक सामाजिक अव्यवस्थाओं का समाधान नहीं होता, तब तक टिकाऊ विकास संभव नहीं है। अतः सामाजिक समस्याओं का जल्द हल ढूंढना होगा।


**-सत्यपाल वशिष्ठ**
**स्वतंत्र लेखक**

## राशिफल


पौष कृष्ण-षष्ठी | ( विक्रम संवत् 2080 )




**मेष- ( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )** विद्यार्थियों के लिए बहुत अच्छा समय रहेगा। प्रेम में थोड़ा तू-तू, मैं-मैं हो सकता है क्योंकि भावुक बने रहेंगे।




**वृष- ( ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो )** भूमि और वाहन की खरीदारी संभव है, लेकिन गृह-कला भी संभव है। प्रेम की स्थिति अभी थोड़ी-सी बहुत अच्छा नहीं लग रहा है।



**मिथुन- ( का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा )** व्यावसायिक स्थिति बहुत अच्छी है। प्रेम और संतान की स्थिति बहुत अच्छी है। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम चल रहा है।




**कर्क- ( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा )** बच्चों के सेहत को लेकर मन परेशान रहेगा। प्रेमी-प्रेमिका की स्थिति थोड़ी-सी मध्यम या झगड़ालू दिख रही है।




**सिंह- ( मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे )** बहुत अच्छे ऊर्जावान महसूस कर रहे हैं। प्रेम-संतान की स्थिति सुधर चुकी है। व्यापार बहुत अच्छा है।




**कन्या- ( टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो )** मन चिंतित रहेगा। सिर दर्द, नेत्र पीड़ा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम-संतान अच्छा है और व्यापार भी अच्छा है।




**तुला- ( रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त )** आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। यात्रा में लाभ होगा। मन प्रफुल्लित रहेगा। स्वास्थ्य, प्रेम और व्यापार बहुत अच्छा है।



**वृश्चिक- ( तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू )** व्यावसायिक स्थिति सुदृढ़ होगी। नए व्यापार के संकेत हैं। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगा।



**धनु- ( ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे )** स्वास्थ्य में सुधार हो चुका है। प्रेम-संतान की स्थिति बहुत अच्छी है। भाग्य साथ दे रहा है।



**मकर- ( भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी )** चोट-चपेट लग सकता है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान अच्छा और व्यापार भी अच्छा है।



**कुम्भ- ( गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द )** जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति सुदृढ़ होगी। प्रेमी-प्रेमिका की स्थिति थोड़ी मध्यम दिख रही है।



**मीन- ( दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि )** शत्रु नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे, लेकिन जीत अंत में आपकी होगी, लेकिन डिस्टर्बेंस बना रहेगा।

# गोविन्दगढ़ पहुंची भारत संकल्प यात्रा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कल जेवर के गोविंदगढ़ गांव में पहुंची कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं स्थानीय सांसद डॉ महेश शर्मा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी रहे इस अवसर पर उन्होंने विकसित भारत बनाने के लिये लोगो को शफ़त दिलाई।



पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा कि मोदी, योगी की सरकार ने शोषित वंचित के लिये काम कर रही आज देश विकाश कार्यों के साथ आर्थिक रूप से विकसित भारत बनने के लिये निरन्तर आगे बढ़ रहा है। मोदी की गारंटी की गाड़ी पूरे देश मे चल रही और गारंटी के साथ जनता के कार्य पूरे हो रहें है। इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक रवि जिन्दल, अशोक शर्मा, सतपाल तालान, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, कपिल गुर्जर, विकाश चौधरी, अनुराग शर्मा, नरेश शर्मा, रोहित ठाकुर, विशाल चौधरी, शिवम् पंडित, आदि सैंकडो लोग उपस्थित रहे।

# किसान सभा ने किया आन्दोलन का समर्थन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** किसान सभा की जिला कमेटी के सदस्य कल बड़ी संख्या में किसान परिषद के नेतृत्व में नोएडा अथॉरिटी पर चल रहे आंदोलन में पहुंचे। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने उपस्थित हजारों किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि 10 प्रतिशत का मुद्दे पर किसान सभा ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर चार महीने के आंदोलन के बाद समझौता किया था 10 प्रतिशत का मुद्दा नोएडा ग्रेटर नोएडा से पास होकर शासन के अनुमोदन के लिए जा चुका है।



किसान सभा ने आगामी 22 जनवरी तक का समय प्राधिकरण को शासन से अनुमोदन कराने के लिए दिया है ऐसा न करने पर किसान सभा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर अपना अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर देगी जिसमें प्राधिकरण की तालाबंदी भी शामिल है।

किसान सभा के जिला महासचिव जगबीर नंबरदार ने कहा कि यह लड़ाई आर पार की है बिना जीते चैन से नहीं बैठेंगे। इस अवसर पर मुकुल नंबरदार, निरंकार प्रधान, गौरव यादव, मोहित यादव, दिनेश यादव, मोहित नागर, सतीश गोस्वामी, रण सिंह मास्टर, मनवीर भाटी, पप्पू ठेकेदार, सुरेंद्र भाटी, भोजराज रावल, निशांत रावल, सुधीर रावल आदि लोग उपस्थित रहे।

# सीटू ने किया प्रदर्शन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** रोजगार से बेदखल करने के विरोध में कल सीटू के बैनर तले पथ विक्रेताओं ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के समक्ष धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।

सीटू के जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि पथ विक्रेता अधिनियम 2014 एवं संवैधानिक व्यवस्थाओं को ताक पर रखकर ग्रेनो प्राधिकरण और थाना बिसरख पुलिस द्वारा ए सिटी सोसाइटी ऐमनाबाद सैक्टर -1, ग्रेटर नोएडा पुलिस चौकी के पास वर्षों-वर्षों से लगने वाले फुटपाती साप्ताहिक बाजार को पिछले कुछ दिनों से लगने से रोक रहे हैं।

# नोएडा एयरपोर्ट के पास घर बसाने का एक और मौका, बसाए जाएंगे 4 नए सेक्टर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के ड्रीम्स प्रोजेक्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास यदि आप अपना घर बसाने का सपना पूरा करना चाहते हैं तो आपका यह सपना जल्द ही पूरा हो सकता है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास चार सेक्टर बसाने जा रहा है। इन नए सेक्टरों में आवासीय और बहुद्देश्यीय दोनों ही तरह के होंगे। YEIDA ने नए सेक्टरों को बसाने का तेज कर दिया है।




आपको बता दें कि पिछले दिनों यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास आवासीय प्लॉटों की योजना निकाली थी। इस योजना के तहत 1184 आवासीय प्लॉटों का आवंटन किया जा चुका है। यीडा की यह योजना लोगों को इतनी ज्यादा पसंद आई थी कि करीब डेढ़ लाख लोगों ने प्लॉटों की आवासीय योजना के लिए आवेदन किया था। अब इस योजना के बाद यीडा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास नए सेक्टर बसाने पर काम कर रहा है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास चार नए सेक्टर बसाने के लिए सर्वे का काम शुरू कर दिया गया है, जिसके पंद्रह दिनों में पूर्ण होने की संभावना है। सर्वे पूरा होने के बाद भूमि अधिग्रहण के लिए जिला प्रशासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। इन सेक्टरों का नाम सेक्टर-5, 6, 7 व 8 होगा। सेक्टर- 5 आवासीय, सेक्टर 6 औद्योगिक तथा सेक्टर 7 व 8 बहुउद्देशीय होंगे। योजना के तहत बहुउद्देशीय सेक्टर में आवासीय, औद्योगिक, संस्थागत आदि गतिविधियां एक साथ संचालित की जाएंगी, इससे इस सेक्टर में रहने वाले लोगों को आवास सहित अन्य सुविधाओं के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सूत्रों के अनुसार, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बसने वाले चारों सेक्टरों के लिए निर्धारित क्षेत्रफल के मुताबिक सेक्टर पांच का क्षेत्रफल 942 एकड़, सेक्टर छह का क्षेत्रफल 859 एकड़, सेक्टर सात का क्षेत्रफल 1167 एकड़ तथा सेक्टर आठ का क्षेत्रफल 810 एकड़ होगा।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिरकण के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया के अनुसार, यीडा के सेक्टर-5 के रूप में विकसित किए जाने वाले नए आवासीय सेक्टर में यमुना प्राधिकरण 2000 भूखंडों की योजना लाएगा। इस सेक्टर में 50 फीसदी में आवासीय भूखंडों की योजना है, जबकि 50 फीसदी में ग्रुॅप हाउसिंग की योजना लाई जाएगी।

# हादसे को लेकर सपा ने किया प्रतिनिधि मंडल का गठन

**दादरी ( चेतना मंच )।** गांव समाधिपुर में निर्माणधीन मकान की छत गिरने से मलबे के नीचे दबकर हुई दो बच्चों की दर्दनाक मौत की घटना को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने 10 सदस्यों एक प्रतिनिधिमंडल का गठन कर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को आगामी 7 जनवरी को घटनास्थल का दौरा करने के निर्देश दिया है।

यह जानकारी देते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने बताया कि दादरी क्षेत्र के गांव समाधिपुर में निर्माणधीन मकान की छत गिरने से मलबे में दबकर दो मासूम बच्चियों की भी मौत के मामले का संज्ञान लेते हुए सपा प्रदेश अध्यक्ष ने एक प्रतिनिधिमंडल का गठन किया है जो आगामी रविवार को घटना स्थल का दौरा कर पीड़ित परिवार से मुलाकात करेगा घटना की विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय में जमा करेगा।

प्रतिनिधि मंडल में पार्टी के



राष्ट्रीय प्रवक्ता महेश आर्य, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी, जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी, जिला पंचायत सदस्य गजराज नागर, जिला महासचिव सुधीर तोमर, जिला उपाध्यक्ष मेंहदी हसन, वरिष्ठ नेता राकेश गौतम, सतबीर गौतम, राहुल आर्यन, हुकम सिंह भारती के नाम मुख्य है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**सेबी की जांच...**

में अडानी ग्रुप को लेकर एक रिसर्च रिपोर्ट पब्लिश की थी, जिसमें अडानी की कंपनी के शेयर ओवरवैल्यूएड होने और कीमतों में हेरफेर समेत समूह पर कर्ज को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए थे। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने अडाणी समूह पर कई गंभीर आरोप लगाए थे।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि हम सेबी को दिए गए समय में अपनी पूरी जांच रिपोर्ट सौंपने का आदेश दे रहे हैं। अडानी- हिंडनबर्ग मामले पर चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ जस्टिस, जे बी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने बुधवार को फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि कोर्ट को सेबी के अधिकार क्षेत्र मे दखल देने का सीमित अधिकार है. सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि सेबी ही इस मामले की जांच करेगी, सेबी को जांच ट्रांसफर नहीं की जाएगी।

तीन जजों की बेंच ने कहा कि इस मामले में जांच स्थानांतरित करने का कोई आधार नहीं है और इसे केवल तभी उठाया जा सकता है जब नियमों का जानबूझकर उल्लंघन किया गया हो। कोर्ट ने ओसीसीपीआर रिपोर्ट पर निर्भरता को भी खारिज करते हुए कहा कि बिना किसी सत्यापन के थर्ड पार्टी ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट पर प्रमाण के रूप में भरोसा नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि सरकार और सेबी भारतीय निवेशकों के हित को मजबूत करने के लिए समिति की सिफारिशों पर विचार करेंगे।

**डांस कर रहे...**

होकर उसके घर आ धमके और एक बार फिर परिजनों के साथ मारपीट की। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इस संबंध में बाबू सैनी ने चारों युवकों के खिलाफ थाना जारचा में मुकदमा दर्ज कराया है।

**स्क्रैप माफिया रवि...**

फिलहाल पुलिस का भगोड़ा है और उसके खिलाफ बलात्कार तथा गैंगस्टर का मुकदमा हाल ही में दर्ज हुआ। पुलिस ने रवि के खिलाफ इस कदर तेजी से कार्रवाई की है कि उसे संभलने तक का मौका नहीं मिला है। पुलिस ने बलात्कार व गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज करते ही उसके चार साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज होते ही पुलिस ताबड़तोड़ उसके ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। बीती देर रात पुलिस की टीमों ने उसके ठिकानों पर छापेमारी कर जरायम की दुनिया से कमाई गई अवैध संपत्ति को सील किया है।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में रवि काना के खिलाफ और सख्त कार्रवाई को अमल में लाया जाएगा। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर स्क्रैप माफिया रवि काना के खिलाफ हो रही कार्रवाई पर शहर की जनता ने भी सराहना की है और कहा है कि माफियाओं के खिलाफ इस सख्ती ने अपराधियों के हौंसले तोड़ दिए हैं।

**कोर्ट में व्यक्तिगत...**

व्यक्तिगत उपस्थिति की आवश्यकता हो सकती है। इसके अलावा यदि मुद्दों को हलफनामे द्वारा सुलझाया जा सकता है, तो ऐसी व्यक्तिगत उपस्थिति की आवश्यकता नहीं होगी। व्यक्तिगत उपस्थिति केवल तभी जब तथ्य दबाये जा रहे हों। न्यायालय किसी अधिकारी को केवल इसलिए नहीं बुला सकता क्योंकि अधिकारी का दृष्टिकोण न्यायालय के दृष्टिकोण से भिन्न है।

**महिला व पुरूष...**

में भर्ती कराया उपचार के दौरान उस व्यक्ति की मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष के आसपास है और उसकी पहचान नहीं हो पाई है। प्रारंभिक जांच को पता चला है कि उक्त व्यक्ति मंदिर के आसपास ही घूमता रहता था और सड़क किनारे ही सो जाता था। मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

**पति से अलग रह...**

से कोई सुसाइट नोट बरामद नहीं हुआ है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि अंजलि का अपने पति से वाद विवाद चल रहा था। इस कारण वह पिछले काफी समय से अपने पति से अलग रह रही थी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में परिजनों को सूचना दे दी गई है परिजनों द्वारा अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। परिजन अगर किसी के खिलाफ तहरीर देते हैं तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**मेरठ से लोकसभा...**

राजेन्द्र अग्रवाल शारीरिक अस्वस्था के चलते चुनाव नहीं लड़ेंगे। इस सीट से इस बार मनोज गुप्ता दावेदारी कर रहे हैं। वैश्य बाहुल्य इस सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है। पिछले तीन चुनाव में भाजपा प्रत्याशी लगातार अपने निकटतम बसपा के प्रत्याशियों को पटखनी देते रहे है। समाजवादी पार्टी तथा कांग्रेस की स्थिति यहां तीसरे व चौथे नंबर पर रही है। इस बार भी इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी का जीतना तय माना जा रहा है। वर्ष-2019 के चुनाव में राजेन्द्र अग्रवाल ने बसपा प्रत्याशी हाजी मोहम्मद याकूब को हराकर 586184 वोट (48.17 फीसदी) हासिल किए थे। वर्ष-2014 में भी राजीव अग्रवाल ने बसपा प्रत्याशी शाहिद अखलाक को हराकर 532981 (30.21 फीसदी) वोट हासिल किए थे। इसी तरह वर्ष-2009 में भी भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र अग्रवाल ने बसपा प्रत्याशी मलूक नागर को हराकर यहां से पहली बार सीट जीती थी। इस बार भी इस सीट पर भाजपा का जीतना तय है।

**संदिग्ध परिस्थितियों...**

का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस किशोरी की तलाश कर रही है।

वहीं थाना ईकोटेक 3 क्षेत्र के ग्राम खैरपुर गुर्जर निवासी दिनेश काल्पनिक नाम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी बेटी बीते 11 जुलाई को घर से बिना बताए चली गई थी। उसने 19 जुलाई को थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि उसकी बेटी उसे वापस मिल गई है। उसकी बेटी ने बताया कि लडपुरा मेरठ का रहने वाला शायर सलमान पुत्र मोबिन उसे शादी करने का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले गया था। पीड़ित ने बताया कि उसे पूर्व में आरोपी के बारे में जानकारी नहीं थी इसलिए उसने अपनी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखवाई थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है।

**दो दर्जन दरोगाओं...**

सूर्यपाल को सेंट्रल नोएडा से थाना इकोटेक 3, रामस्वरुप को सेंट्रल नोएडा से थाना फेस 2, देवेंद्र सिंह को सेंट्रल नोएडा से थाना फेस 3, राजवीर सिंह को सेंट्रल नोएडा से थाना फेस 3, कमलेश कुमार को सेंट्रल नोएडा से थाना फेस 2, सतीश कुमार व बिजेंद्र सिंह को सेंट्रल नोएडा से थाना बिसरख, कृष्ण सिंह को सेंट्रल नोएडा से थाना फेस 2, सुधीर कुमार को सेंट्रल नोएडा से थाना सेक्टर 63, विजय बहादुर सिंह को सेंट्रल नोएडा से थाना सूरजपुर भेजा गया है।

उप निरीक्षक विजय बहादुर सिंह को सेंट्रल नोएडा से थानार सूरजपुर, उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह व मोहम्मद यामीन सेंट्रल नोएडा से थाना बिसरख एवं जितेंद्र कुमार को सेंट्रल नोएडा से थाना इकोटेक 3 भेजा गया है।

कुछ मुख्य आरक्षी व आरक्षियों का भी स्थानांतरण किया गया है। जिनमें मुख्य आरक्षी आशीष तोमर को सेंट्रल नोएडा से थाना इकोटेक 3, मुख्य आरक्षी अजीत सिंह को सेंट्रल नोएडा से थाना सूरजपुर मुख्य आरक्षी कृष्ण कुमार को सेंट्रल नोएडा से थाना सूरजपुर एवं आरक्षी अंशुल सैनी को सेंट्रल नोएडा से थाना सेक्टर 142 तथा आरक्षी ऋषि राजपूत को सेंट्रल नोएडा से थाना इकोटेक 3 भेजा गया है। सभी को तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के आदेश भी दिए गए हैं।

**दोस्ती करो वर्ना...**

साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गंदी-गंदी गालियां दी। उसने उसे घर से उठाने तथा बलात्कार कर जान से मारने की भी धमकी दी। पीड़िता के मुताबिक युवक ने फोन पर खुलेआम धमकी दी है कि वह सत्ताधारी परिवार से जुड़ा हुआ है और जिस पर उसका दिल आ जाता है उसे वह हासिल करके ही रहता है। सिरफिरे युवक की धमकी से वह तथा उसका पूरा परिवार खासा परेशान है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। छात्रा द्वारा पुलिस को उपलब्ध कराए गए मोबाइल नंबर के आधार पर सिरफिरे युवक की तलाश की जा रही है।

**छेड़खानी व धमकी...**

इसके बाद आरोपी कुलदीप मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ व धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# मादक पदार्थ के दो तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पुलिस ने अलग-अलग स्थान से मादक पदार्थों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चरस व गांजा बरामद हुआ है पकड़े गए आरोपियों में एक बाल अपचारी भी शामिल है।

थाना सेक्टर-49 प्रभारी राम प्रकाश गौतम ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर रचना टी पॉइंट के पास से मोरना गांव निवासी रोहित को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में इसके पास से 2 किलो गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह गंजे की पुड़िया बनाकर उनकी बिक्री करता है।

वहीं थाना फेस-3 पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर से एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया है। इसके पास से आधा किलो चरस बरामद हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए बाल अपचारी को पूर्व में भी अपराधिक कृत्य के लिए बाल संरक्षण में लिया गया था।

# शोरूम के जनरेटर के पार्ट्स चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के बहलोलपुर गांव के पास टीवीएस के शोरूम के बाहर लगे जनरेटर से चोरों ने अल्टीनेटर चोरी कर लिया। पुलिस ने शोरूम मालिक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बहलोलपुर गांव के पास टीवीएस कंपनी का शोरूम है। इस शोरूम के बाहर एक बड़ा जनरेटर लगा हुआ है। बीती रात्रि चोरों ने जनरेटर का अल्टरनेटर चोरी कर लिया है। आज सुबह जब शोरूम कर्मियों ने जनरेटर चलाने का प्रयास किया तो वह नहीं चला। शोरूम में उन्हें जांच पड़ताल की तो पता चला कि जनरेटर का अल्टरनेटर चोरी हो गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कामर्शियल काम्पलेक्स, ब्लाक-पी 2 सैक्टर ओमेगा 1 ग्रेटर नोएडा पिन कोड 201308

जिला- गौतमबुद्धनगर उ0प्र0 दूरभाष नं0-0120

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के एल0एफ0डी0 परियोजना के अन्तर्गत आवंटित भवन सं. PVH-01-0806 in Pavilion Heights Tower-01 At Greens Wish Town, Sector-128, Noida, Area-177.82 Sqm. जो कि स्व0 श्री रोजर्स खान के नाम पर सबलीज्ड है। सबलेसी की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति को उनकी पत्नी श्रीमती रूमा खान के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया गया है।

अतः इस नामांतरण (Death Mutation) के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन कि तिथि से 35 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में स्व0 श्री रोजर्स खान की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति को उनकी पत्नी श्रीमती रूमा खान के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक ( सम्पत्ति )**








**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जी. (कर्षण वितरण) झाँसी के निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन; (ई-टेन्डरिगं) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी/टीडी/टेन्डर/2023/09RI

**कार्य का नामः** झांसी-ग्वालियर खण्ड में लेबिल क्रासिंग नं0 407 (किलोमीटर 1203/6-8 के मध्य), लेबिल क्रासिंग नं0 407B (किलोमीटर 1205/6-8 के मध्य) एवं ग्वालियर-धौलपुर खण्ड में लेबिल क्रासिंग नं. 451 (किलोमीटर 1265/12-14-16 के मध्य), लेबिल क्रासिंग नं0 449 (किलोमीटर 1262/2-4 के मध्य) के बदले रोड ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु ओ0एच0ई0 में संशोधन का कार्य।

**अनुमानित लागत (रू):** ₹ 5826496.32 | **अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी (रू):** ₹ 116500.00

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी/टीडी/टेन्डर/2023/22

**कार्य का नामः** झांसी मंडल के बीना-धौलपुर खण्ड में विभिन्न स्टेशनों के यार्ड में ओ0एच0ई0 स्ट्रैक्चर पर प्रदान किये गये फैब्रिकेटेड टाईप ड्राप आर्म को बी0एफ0बी0/आर0एस0जे0 टाईप के ड्राप आर्म से बदलने का कार्य।

**अनुमानित लागत (रू):** ₹ 17790047.28 | **अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी (रू):** ₹ 239000.00

**निविदा बन्द होने की तिथिः** दोनों निविदाओं के लिये 25.01.2024 15:00 pm.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** दोनों निविदाओं के लिये 09 माह।

निविदा **दिनांक 25.01.2024** को **15.00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **2120/23 (A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

# यूपी के स्कूली बच्चे अब नहीं चला सकेंगे स्कूटी, सरकार ने लगा दिया है बैन

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश के सचिवालय से स्कूल कालेजों के 18 साल से कम उम्र के छात्र छात्राओं के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। खबर यह है कि यूपी की योगी सरकार ने यूपी में 18 साल से कम उम्र के स्कूल कालेजों के सभी बच्चों (छात्र छात्राओं) के स्कूटी चलाने पर रोक लगा दी है। इस बाबत उत्तर प्रदेश के शिक्षा निदेशक की ओर से नोएडा समेत पूरे प्रदेश के जिला विद्यालय निरीक्षकों को आदेश जारी किए गए हैं।

उत्तर प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों (डीआईओएस) को जारी किए गए पत्र लिखा गया है। इस पत्र में 18 से कम उम्र वाले स्कूली बच्चों द्वारा स्कूटी संचालन पर रोक लगाए जाने संबंधी सरकार के आदेश से अवगत कराया गया है। इस पत्र में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में अब 18 वर्ष से कम उम्र के किशोर या किशोरियों पर दुपहिया या फिर चार पहिया वाहन चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लग गया है। यदि कोई वाहन स्वामी 18 वर्ष से कम उम्र के बालक या बालिकाओं को वाहन चलाने के लिए देता है तो उसे कम से कम 3 साल की जेल की सजा और 25 हजार के जुर्माना से दंडित किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश के शिक्षा निदेशक की ओर से जिला विद्यालय निरीक्षकों को भेजे गए पत्र कहा गया है कि सड़कों पर 18 साल से कम आयु के स्कूटी सवार बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। केजीएमयू व लोहिया संस्थान के जानकारों की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि सड़क दुर्घटना में मारे जाने वालों में 40 प्रतिशत संख्या 18 साल के सम आयु वाले बच्चों की है। इन होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने अब 18 साल से कम आयु के बच्चों के स्कूटी चलाने पर पूर्ण रोक लगा दी है।



### लगेगा 25 हजार रुपये जुर्माना

नोएडा (गौतमबुद्धनगर जनपद) के संभागीय परिवहन अधिकारी सिया राम वर्मा (प्रशासन) ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करके ड्राइविंग करना पहले से ही प्रतिबंधित है। समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। अब वृहद स्तर पर जागरूकता और चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। बिना ड्राइविंग लाइसेस कम उम्र का बच्चा अगर दुपहिया वाहन चलाता है तो वाहन स्वामी पर अधिकतम जुर्माना 25 हजार रुपये और तीन साल कारावास है।

# अंग्रेजों के द्वारा बनाया गया 162 साल पुराना कानून बदलेगी भारत सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय से एक बड़ी खबर सामने आई है। खबर यह है कि भारत सरकार 162 साल पुराना एक कानून बदलने की योजना बना रही है। अंग्रेजों द्वारा भारत को गुलाम बनाकर रखने की साजिश के तहत वर्ष-1861 में बनाए गए कानून को भारत सरकार ने बदलने का मन बना लिया है। भारत सरकार का गृह मंत्रालय पुलिस एक्ट 1861 को बदलने की रणनीति पर काम कर रहा है।

आपको बता दें कि हाल ही में भारत सरकार ने भारतीय कानूनों में बड़े बदलाव किए हैं। भारत के सैकड़ों वर्षों पुराने कानूनी ढांचे में किए गए बदलाव को सरकार का क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। हाल ही में बदले गए तीन नए कानून अब भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे। अंग्रेजों की सामंती कानूनी व्यवस्था में बदलाव की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जिसे सरकार ने इन संशोधनों द्वारा दूर कर दिया है। अब इस बात पर विचार किया जा रहा है कि जब तक इन कानूनों को लागू करवाने वाली संस्था पुलिस को देश को गुलाम रखने वाले पुलिस एक्ट, 1861 से मुक्त नहीं किया जाएगा, तब तक नई कानून-व्यवस्था से ज्यादा उम्मीद नहीं की जा सकती।

आपको यह जानना जरूरी है कि वर्ष 1857 की विफल क्रांति के बाद अंग्रेजों ने पुलिस ऐक्ट, 1861 को देश को पूर्णतया गुलाम रखने के लिए बनाया था। इस कानून के अनुसार, पुलिस पूरी तरह सरकार के अधीन होती है और प्रजातांत्रिक व्यवस्था में सरकारों को जीतना चाहिए, जिसके लिए सत्ता पाने के लिए राजनीतिक दलों को बाहुबलियों और माफियाओं द्वारा जनता के वोट लेने होते हैं। नतीजतन सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों के इशारे पर पुलिस संगठित अपराधों की अनदेखी शुरू कर देती है। भारत सरकार के सलाहकार सोच रहे हैं कि जब कानून लागू करने वाली पुलिस ही संगठित अपराधों की अनदेखी और अपराधी को बचाने के लिए साक्ष्य पेश नहीं करेगी, तब तक कानून अपराधी को सबूत के अभाव में सजा नहीं दे सकता। ऐसे में, नए कानून भी पुरानी व्यवस्था की तरह अपराधों पर लगाम लगाने में नाकाम साबित होंगे।

आपको यह भी बता दें कि देश की बाहरी सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी सेना की है और आंतरिक सुरक्षा पुलिस संभालती है। सैन्य कानून की धारा 34 के तहत सेना की सफलता और उसके उद्देश्यों में बाधा आने पर जिम्मेदार सैनिकों के लिए मृत्युदंड तक का प्रावधान है। पर पुलिस को अपनी जिम्मेदारी का एहसास दिलाने के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। देश के अलग- अलग हिस्सों में कुछ बाहुबली अगर बड़े माफिया बन पाए, तो वह पुलिस के संरक्षण और परोक्ष सहयोग के कारण ही। पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने सत्ता से बेदखल होने के डर से आपातकाल लगा दिया था, जिसके तहत पुलिस ने पूरे देश में विपक्षी नेताओं को बिना किसी अपराध के और न्यायालय के आदेश के बिना जेल में बंद कर दिया। आपातकाल हटने के बाद जनता पार्टी की सरकार ने पुलिस व्यवस्था में सुधार करने और उसे जनता के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिए पुलिस सुधार आयोग का गठन किया। पर कुछ समय बाद जनता पार्टी सत्ता से बाहर हो गई और सत्ता में आई कांग्रेस ने पुलिस सुधार आयोग की सिफारिशों को नकारते हुए एक और पुलिस आयोग का गठन किया। इस प्रकार वर्ष 1996 तक कई पुलिस आयोग गठित किए गए और उनकी रिपोर्टों में यही कहा गया था कि राज्य पुलिस को इस प्रकार में व्यवस्थित किया जाना चाहिए, जिससे राजनेता और नौकरशाह अपने प्रभाव से उसकी कार्यप्रणाली को प्रभावित न कर सकें। 1996 तक केंद्र सरकार ने पुलिस आयोग की यह रिपोर्ट लागू करने की तरफ कोई कदम नहीं उठाया। तब उत्तर प्रदेश के डीजीपी रहे आईपीएस अधिकारी प्रकाश सिंह ने पुलिस आयोग की रिपोर्ट लागू करवाने के दार लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की। उस पर पर 2006 में सर्वोच्च न्यायालय ने सात सूत्रीय पुलिस सुधारों का आदेश दिया और केंद्र व राज्य सरकारों को इन सुधारों को लागू करने के लिए जनवरी, 2007 की समय सीमा तय की थी। दुर्भाग्य से अब तक इन सुधारों की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, क्योंकि कोई भी राज्य सरकार पुलिस पर अपना नियंत्रण गंवाना नहीं चाहती।

### सब कुछ पुलिस सुधार पर निर्भर

भारत सरकार का मानना है कि आंतरिक सुरक्षा के महत्वपूर्ण तंत्र पुलिस बल को अपने कर्तव्य निर्वहन में सक्षम बनाने के लिए पूरे देश में पुलिस सुधार लागू किए जाने चाहिए। तभी देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत बनेगी। तीन नए संशोधित आपराधिक कानूनों की सफलता भी पुलिस सुधार पर निर्भर है। भारत सरकार के अधिकतर सलाहकारों ने अंग्रेजों के जमाने में बनाए गए पुलिस एक्ट 1861 को बदलने की वकालत की है। इसी आधार पर भारत सरकार का गृह मंत्रालय इस 162 साल पुराने कानून को बदलने की तैयारी कर रहा हैं जल्द ही भारत सरकार की ओर से 162 साल पुराने कानून को बदलने की कार्यवाही नजर आ आएगी। भारत सरकार के अंतरंग सूत्रों का दावा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुलिस एक्ट 1861 में बदलाव की अनुमति दे दी है।

# संकल्प लक्ष्य प्राप्ति में सहायक होते हैं : आचार्य श्रुति सेतिया




**गाजियाबाद।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 'नव वर्ष के संकल्प' विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 600 वाँ वेबिनार था।

योगाचार्य श्रुति सेतिया ने कहा कि संकल्प हमारी लक्ष्य प्राप्ति में सहायता करते हैं,व्यक्ति जब कुछ करने का निश्चय करता है तो उसका दृढ़ संकल्प ही आगे बड़ने में सहायक होता है।बिना संकल्प लिए कोई कार्य लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता।उन्होंने कहा कि हमें नव वर्ष पर भी कुछ संकल्प लेने चाहिएं कुछ अच्छा करने का और कुछ बुरी आदतों को छोड़ने का।मनुष्य जीवन परमात्मा की देन है जो परमात्मा के अलावा कोई किसी को दे नहीं सकता।ईश्वर द्वारा दिए गए ज्ञान वेद के आधार पर सृष्टि के आरंभ में ही हमारे ऋषि मुनियों ने प्रत्येक मनुष्य को पांच दैनिक कर्तव्य निर्धारित किए थे।पहला कर्तव्य ईश्वर का ध्यान करना,जिसे संध्या कहते हैं।दूसरा देव यज्ञ,अग्निहोत्र या हवन है।तीसरा पितृयज्ञ है जिसमें माता-पिता,परिवार वा समाज के बड़ो वा वृद्धजनों की श्रद्धापूर्वक सेवा करनी होती है। चौथा कर्तव्य अतिथि यज्ञ,अर्थात समाज वा देश के विद्वानों, आचार्यों,ज्ञानियों,समाज हितेषियो,देश भक्तों आदि की श्रद्धा के साथ सेवा,सहायता, सहयोग वा उनके प्रति श्रद्धा की भावना रखनी होती है। पांचवा कर्तव्य बलिवैश्व देव यज्ञ।यह प्राणी मात्र के प्रति मित्रता की भावना को रखते हुए जीवन यापन में सहयोग करना वा अपना जीवन शत प्रतिशत अहिंसापूर्वक व्यतीत करना।इन पांच कर्तव्यों के निर्वाह करने से व्यक्तिगत, सामाजिक,स्वदेश वा वैश्विक उन्नति के अनेक प्रयोजन सिद्ध होते हैं।हम समझते हैं कि नूतन वर्ष 2024 को मनाते हुए दैनिक पंच महायज्ञ को करने का संकल्प ले कर भी इस दिन को मना सकते हैं।नए साल पर अधिकांश लोग नशे की अपनी आदत को छोड़ने अथवा अपनी दिनचर्या से संबंधित संकल्प करते हैं।जैसे मंदिर जाना,सुबह जल्दी उठ कर मॉर्निंग वॉक पर जाना,रोज धर्म संबंधी किताबे पढ़ना आदि।इन संकल्पों के पीछे यह मूल भावना होती है कि उनके जीवन की गुणवत्ता बढ़े।वे अधिकांश समय तक स्वस्थ जीवन जी सकें। संकल्प लेना अच्छी बात है लेकिन इसके लिए खुद को तैयार करना पड़ता है और अपने मन को मजबूत करने की जरूरत पड़ती है।ये संकल्प हमें लक्ष्यों को प्राप्त करने की संभावनाओं की प्रत्याशा में उत्साह भर सकते हैं।

मुख्य अतिथि आर्य नेत्री शिक्षाविद् चन्द्रकांता गेरा (कानपुर) व अध्यक्ष अनिता रेलन ने भी कर्म शील बनने का संदेश दिया।परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन करते हुए पुरूषार्थी बनने का आह्वान किया। राष्टीय मंत्री प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

गायिका कौशल्या अरोड़ा, कृष्णा गांधी, प्रवीना ठक्कर, कमलेश हंस, उषा सूद, जगदीश कपूर, सुनीता अरोड़ा,शोभा बत्रा, संतोष धर,सुदर्शन चौधरी, सुदेश चुग ने मधुर भजन सुनाए।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 28 बिल्डरों को भेजा नोटिस, एसटीपी नहीं तो लगेगा जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** यूपी की आधुनिक सिटी ग्रेटर नोएडा में विभिन्न सोसाइटी के सीवर को शोधित करने के लिए मानकों के अनरूप एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) का निर्माण व संचालन न करने वाले 28 और बिल्डर सोसाइटियों को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने नोटिस जारी किया है। प्राधिकरण ने एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर लीज डीड की शर्तों के अनुरूप कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इससे पहले प्राधिकरण ने 37 बिल्डर सोसाइटियों के लिए नोटिस जारी किए थे।

ग्रेटर नोएडा की अलग-अलग सोसाइटी के निवासियों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार से शिकायतों की थी कि एसटीपी से शोधित किए बिना ही सीवरेज को नाले में बहाया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सर्वे में भी कई सोसाइटियों में बने एसटीपी मानकों के अनुरूप नहीं मिले। इनमें से कुछ एसटीपी मानकों के अनुरूप के अनुरूप बने नहीं हैं और कुछ का संचालन ठीक से नहीं हो रहा, जिसके चलते ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी के निर्देश पर सीवर विभाग की तरफ से पूर्व में 37 बिल्डरों को नोटिस जारी किया गया था। अब 28 और बिल्डर सोसाइटियों के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस में प्राधिकरण ने एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर लीज डीड की शर्तों के अनुरूप कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि जिन बिल्डरों ने अपने रिहायशी प्रोजेक्ट में एसटीपी नहीं बनाए हैं, वे एसटीपी बनाकर शीघ्र चालू करें। जिन सोसाइटियों में बने हैं वे उनको नियमित रूप से संचालित करें। सीवर को शोधित करना अनिवार्य है। शोधित पानी को उद्यानीकरण में उपयोग करें एनजीटी की तरफ से भी इस बाबत सख्त आदेश दिए गए हैं। ऐसा न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इन सोसाइटियों पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया जाएगा। इसके बावजूद सुधार न हुआ तो एनजीटी के आदेशों के मद्देनजर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा में 20 हजार वर्ग मीटर या उससे अधिक एरिया पर बनने वाले सभी प्रोजेक्टों को अपना एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) बनाना और उसे फंक्शनल रखना अनिवार्य है, लेकिन कई सोसाइटियों के निवासी प्राधिकरण से लगातार शिकायत कर रहे थे कि उनके यहां एसटीपी नहीं बने हैं। कुछ सोसाइटियों में एसटीपी बने हैं तो वह फंक्शनल नहीं हैं। अब प्राधिकरण ऐसे बिल्डरों पर कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है।

### इन बिल्डरों को भेजे गए हैं नोटिस

1. गौड़ सिटी 4 एवेन्यू सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
2. गौड़ सिटी 5 एवेन्यू सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
3. गौड़ सिटी 6 एवेन्यू सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
4. गौड़ सिटी 7 एवेन्यू सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
5. गोल्फ होम सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
6. पार्क एवेन्यू-1 सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
7. गैलेक्सी नॉर्थ एवेन्यू सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
8. गौड़ सिटी 11 एवेन्यू सेक्टर-16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
9. गौड़ सिटी 12 एवेन्यू सेक्टर-16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
10. गौड़ सिटी 14 एवेन्यू सेक्टर-16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
11. गौड़ सिटी 16 एवेन्यू सेक्टर-16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
12. अजनारा ली गार्डन, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
13. गुलशन बेलेना, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
14. निराला एस्पायर, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
15. पंचशील ग्रींस टू, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
16. कासा ग्रीन, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
17. लासोलरा, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
18. रॉयल कोर्ट, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
19. विक्ट्री वन, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
20. केबीनोज ग्रीन, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
21. रतन पर्ल, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
22. सुपरटेक ईको विलेज टू, सेक्टर-16बी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
23. पंचशील ग्रीन-1, सेक्टर-16बी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
24. अजनारा होम्स, सेक्टर-16बी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
25. राधा स्काई गार्डन, सेक्टर-16बी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
26. सुपरटेक ईको विलेज-3,सेक्टर-16बी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
27. फ्रेंच अपार्टमेंट, सेक्टर-16बी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
28. गौड़ सौंदर्यम, सेक्टर टेकजोन-4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट इल






## शीत लहर के बावजूद कश्मीर में पानी की समस्या से जूझ रहे लोग

श्रीनगर । कश्मीर में प्रचंड शीतलहर चलने के बावजूद यहां पानी की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। यहां पर मंगलवार को भी तीव्र शीत लहर जारी रही और लगातार शुष्क मौसम के कारण स्थानीय लोग परेशान हैं। जानकार बता रहे हैं ?कि बर्फबारी नहीं होने के कारण, आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आने की संभावना है जिससे कश्मीरियों को पानी की चिंता सताने लगी है। कश्मीर की सभी नदियाँ, झीलें, झरने और कुएँ अच्छी सर्दियों की बर्फबारी पर निर्भर हैं जो पहाड़ों में बारहमासी जल भंडारों को भर देती हैं। कम बर्फबारी का मतलब है ?कि गर्मियों के दौरान विभिन्न जल निकायों में पानी की कमी बन रही है। मौसम विभाग ने अगले पांच से छह दिन में मौसम में किसी बड़े बदलाव से इनकार कर ?दिया है। गौरतलब है कि घाटी के अधिकांश बारहमासी जल भंडार कठोर सर्दियों की 40 दिनों की लंबी अवधि के दौरान भर जाते हैं, जिसे चिल्लई कलां के नाम से जाना जाता है, जो 21 दिसंबर को शुरू होता है और 30 जनवरी को समाप्त होता है। मंगलवार को श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि गुलमर्ग और पहलगाम में यह क्रमश- शून्य से चार डिग्री और शून्य से 6.2 डिग्री सेल्सियस नीचे था। लद्दाख के लेह शहर में न्यूनतम तापमान शून्य से 10.9 डिग्री सेल्सियस नीचे, कारगिल में शून्य से 9.9 डिग्री और द्रास में 13.7 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। जम्मू शहर में रात का न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री सेल्सियस, कटरा में 5.1 डिग्री सेल्सियस, बटोटे में 2.7 डिग्री सेल्सियस, भद्रवाह में 0.4 डिग्री सेल्सियस और बनिहाल में 2.6 डिग्री सेल्सियस रहा।



## अर्जुन अवार्डी डीएसपी दलबीर सिंह की गोली मारकर हत्या

जालंधर। जालंधर के संगरूर में तैनात डीएसपी दलबीर सिंह देओल की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुन अवार्ड से सम्मानित डीएसपी की लाश सोमवार को बस्ती बावा खेल नहर के पास सड़क पर पड़ी मिली। बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले जालंधर के ही एक गांव में डीएसपी दलबीर की कुछ लोगों के साथ लड़ाई हो गई थी। इस दौरान इन्होंने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली चला दी थी। लेकिन अगले ही दिन गांव वालों के साथ उनकी सुलह भी हो गई थी। इस मामले में एडीसीपी बलविंदर सिंह रंधावा ने बताया कि हमें किसी ने फोन करके सूचना दी थी कि बस्ती बावा खेल के पास किसी की लाश पड़ी हुई है। हमारी टीम घटनास्थल पर पहुंची तो पता चला कि लाश डीएसपी दलबीर सिंह की है, जो कि संगरूर में तैनात थे। उनके सिर पर भी गहरी चोट लगी हुई थी। पंजाब पुलिस शुरुआत में इसे सड़क हादसा मान रही थी लेकिन पोस्टमॉर्टम में डीएसपी की गर्दन में फंसी हुई गोली मिली है। घटना के बाद से डीएसपी की सर्विस पिस्टल भी नदारत है। डीएसपी के दोस्तों के मुताबिक 31 दिसंबर की रात को उन्होंने नये साल की पार्टी के बाद डीएसपी को बस स्टैंड के पीछे छोड़ दिया था। घटना के समय डीएसपी के साथ उनके गार्ड मौजूद नहीं थे। पंजाब पुलिस बस स्टैंड के आसपास की सीसीटीवी फुटेज छान रही है। मामले में डीएसपी के घर वालों से भी पूछताछ की जा रही है। ताकि डीएसपी की मौत से संबंधित कोई सुराग मिल सके। मृतक डीएसपी के भाई रंजीत सिंह का कहना है कि हमे पुलिस ने दलबीर की लाश मिलने की सूचना दी। उनके सिर पर चोट लगी है। मामला हत्या का लग रहा है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।



## नववर्ष के दौरान बिहार में शराबबंदी कानून की उड़ी धज्जियां, खुलेआम बिकी शराब

पटना । नए साल के मौके पर बिहार में शराबबंदी कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गईं। सीतामढ़ी के पटेल नगर चौक में एक बुजुर्ग सब?जी के ठेले पर दारू बेचता हुआ नजर आया। इसका वीडियो वायरल होते ही पुलिस मौके पर पहुंच आरोपित को दबोच लिया। पुलिस का कहना है कि वह खुद विक्षि?त किस?म का है। इससे साफ होता हैं कि बिहार में शराबबंदी कानून की अब खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाने लगी है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मामले में उस व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की दलील है कि वह खुद शराब के नशे में टल्ली था। यह व्यक्ति ठेले पर शराब लेकर जहां घूमता हुआ नजर आ रहा है। खरीदने के लिए लोग मोलभाव भी कर रहे हैं। ठेले पर दिख रही शराब की बोतलें नेपाली सौंफी शराब की पैकिंग वाली है। पूछताछ एवं जांच के बाद पता चला कि वह व्यक्ति बैरगनिया नगर के पाठक टोला का रहने वाला है। उसका नाम अशोक कुमार गुप्ता है तथा विक्षिप्त किस्म का है। पूछताछ के बाद से न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है। लोगों के अनुसार, नववर्ष के मौके पर आम लोग जश्न मनाने के लिए पिकनिक स्पॉट व मठ-मंदिरों में जाने की तैयारी में लगे थे। इसी बीच नगर के पटेल चौक पर एक होटल के सामने वह सब्जी बेचने वाला ठेले पर शराब की बोतलें सजाकर घूम रहा था, लोग खरीद भी रहे थे। इस तरह बीच सड़क पर खुलेआम शराब की बिक्री होता देख लोगों ने वीडियो बनाना और फोटो खींचना शुरू किया। अपने फेसबुक अकाउंट पर प्रसारित करने लगे। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि आने-जाने वाले लोग पैसे देकर शराब खरीद भी रहे हैं। यह खबर स्थानीय पुलिस को मिली तो वह तुरंत हरकत में आ गई। शराब बिक्री करने वाले व्यक्ति को जाकर पकड़ लिया।

## कोरोना वेरिएंट जेएन.1 को लेकर आई अच्छी खबर

नई दिल्ली । देश में कोविड 19 केसों में अगले 7 से 10 दिनों में कमी आनी शुरू हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि ओमिक्रॉन के सब वेरिएंट जेएन.1 के कारण गंभीर बीमारी नहीं हो रही है। रोजाना केसों की संख्या भी नियंत्रण में है। इसके बाद कहा जा सकता है कि अगले कुछ दिनों में केस कम होना शुरू हो जाएंगे और ऐसा कुछ जगहों पर देखने में भी आ रहा है। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. निशांत नागपाल का कहना है कि अब केसों के बहुत तेजी से बढ़ने की संभावना बहुत ही कम है। त्यौहारी सीजन भी करीब-करीब बीत चुका है। उनका कहना है कि आने वाले कुछ दिनों में चीजें सामान्य होती नजर आएगी। हालांकि ठंड के कारण होने वाला सीजनल फ्लू चलता रहेगा लेकिन कोविड के मामले कम होने शुरु हो सकते है। उनका कहना है कि लोगों को सावधानी जरूर बरतनी चाहिए। अगर जुकाम-खांसी है, तब भीड़भाड़ वाली जगह में न जाएं, साथ ही मास्क लगाकर रखें। उन्होंने कहा कि केसों का जिस तरह का ट्रेंड देखने को मिल रहा है, उस देखकर कहा जा सकता है कि कोविड केस ज्यादा स्पीड से नहीं बढ़ने वाले हैं। देश में कोरोना संक्रमण के 636 नए मामले सामने आए हैं और पिछले 24 घंटे में केरल में दो और तमिलनाडु में एक मरीज की संक्रमण से मौत हो गई। देश में 19 मई को संक्रमण के 865 नए मामले सामने आए थे। पिछले हफ्ते एक दिन 841 केस आए थे। केरल में कुछ जगहों पर केस कम होने लगे हैं।

## आईआईटी-बीएचयू की छात्रा से गैंगरेप मामला : तीनों आरोपियों के घर पसरा सन्नाटा

### -कभी रहती थी नेताओं की भीड़


वाराणसी । वाराणसी में आईआईटी-बीएचयू की छात्रा से गैंगरेप के तीनों आरोपियों पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। पुलिस तीनों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई कर सकती है। साथ ही मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की अपील भी कर सकती है। इस बीच आरोपियों के बारे में नई जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि कैंट से भाजपा विधायक सौरभ श्रीवास्तव की सिफारिश पर आरोपियों को पार्टी संगठन में अहम जिम्मेदारी मिली थी। इतना ही नहीं विधायक सहित दूसरे नेताओं का आरोपियों के घर आना-जाना रहता था। इसकारण इलाके में उनका दबदबा बढ़ रहा था। बीजेपी के तमाम नेताओं संग आरोपियों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। आरोपी अभिषेक चौहान के आवास पर भी लगातार कैंट विधायक का आना-जाना रहता था। अभिषेक पार्टी के लिए सदस्यता अभियान भी चलाता था, जिसकी जानकारी खुद वहां के निवासियों ने दी है। विधायक की पैरवी पर ही आरोपी कुणाल पांडेय को आईटी सेल का महानगर संयोजक बनाया गया था। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि कैंट विधायक अभिषेक के घर आते थे।

# औवेसी पर बरसे गिरिराज सिंह, लगाया भारत को तोड़ने का आरोप, बोले- पूरे देश में भगवान राम का डीएनए है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के असदुद्दीन ओवैसी ने मुस्लिम युवाओं से केंद्र द्वारा की जा रही गतिविधियों से सावधान रहने की अपील की और कहा था कि देश भर में मस्जिदें आबाद रहनी चाहिए, जिस पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। इसको लेकर भाजपा के फायर फ्रंड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पलटवार किया है। गिरिराज सिंह ने कहा कि औवेसी भारत को तोड़ना चाहते हैं, युवाओं को भड़का रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे देश में भगवान राम का डीएनए है... हम सब उनकी संतान हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि 1000 वर्षों तक सनातन धर्म और हिंदुओं को प्रताड़ित किया गया... ये समय हिंदुओं के पुनर्जागरण का है। 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक से कुछ दिन पहले, असदुद्दीन ओवैसी ने बाबरी मस्जिद के संदर्भ में कहा कि वह स्थान जहां पिछले 500 वर्षों से पवित्र कुरान का पाठ किया गया था, वह अब उनके हाथ में नहीं है। ओवैसी के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, ओवैसी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि हैदराबाद के सांसद वही कर रहे हैं जो वह सबसे अच्छा करते हैं - 'राम मंदिर के अभिषेक को सांप्रदायिक बनाना'।

उन्होंने कहा कि 2020 में, सचिवालय के निर्माण के लिए हैदराबाद में दो मस्जिदों, मस्जिद-ए-मोहम्मदी और मस्जिद-ए-हाशमी को ध्वस्त कर दिया गया था, लेकिन शहर से सांसद ओवैसी ने एक शब्द भी नहीं कहा। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि मीडिया भले ही असदुद्दीन ओवैसी पर ध्यान दे, लेकिन उनका अपना समुदाय नहीं देता। अयोध्या के राम मंदिर का अभिषेक समारोह 16 जनवरी से शुरू होकर सात दिनों तक चलेगा। अंतिम दिन, 22 जनवरी को सुबह की पूजा के बाद, दोपहर में 'मृगशिरा नक्षत्र' में राम लला के विग्रह का अभिषेक किया जाएगा।



## अभी भी 9330 करोड़ रुपये के 2000 के नोट दबाकर बैठे हैं लोग : आरबीआई

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि देश में अभी भी 9330 करोड़ रूपये मूल्य के 2 हजार के नोट दबाकर लोग बैठे हुए हैं। जाहिर है कि आरबीआई द्वारा देश में 2000 रुपये के गुलाबी नोटों करीब 8 महीने पहले सर्कुलेशन से बाहर किया गया था, लेकिन अब तक मार्केट में मौजूद 100 फीसदी नोटों की वापसी नहीं हो सकी है। आरबीआई द्वारा इन 2000 रुपये के नोटों को लेकर अपडेट जारी किया गया है और इन आंकड़ों के मुताबिक, अभी भी देश में लोग 9,330 करोड़ रुपये मूल्य के गुलाबी नोट दबाए बैठे हैं। आरबीआई ने साल 2024 की पहले दिन सर्कुलेशन से बाहर किए गए 2000 रुपये के नोटों को लेकर अपडेट जारी करते हुए बताया कि बंद किए जाने के बाद से अब तक 97.38 फीसदी नोटों की वापसी हो चुकी है। बीते साल 19 मई 2023 को मार्केट में कुल 3.56 लाख करोड़ की मूल्य के 2,000 रुपये के नोट सर्कुलेशन में मौजूद थे, जबकि 29 दिसंबर 2023 को ये आंकड़ा घटकर सिर्फ 9,330 करोड़ रुपये रह गया है। इस हिसाब से देखें तो दिसंबर के आखिर तक भी 2.62 फीसदी नोट सर्कुलेशन में थे। दरअसल रिजर्व बैंक ने क्लीन नोट पॉलिसी के तहत 19 मई 2023 को देश के सर्कुलेशन में मौजूद सबसे ज्यादा मूल्य के इस 2000 रुपये के नोट को वापस लेने के आदेश दिए थे। इसके बाद केंद्रीय बैंक ने स्थानीय बैंकों और 19 आरबीआई क्षेत्रीय कार्यालयों में इन नोटों को वापस करने और बदलवाने के लिए 23 मई से लेकर 30 सितंबर 2023 तक का समय दिया था। हालांकि, इसके बाद इस डेडलाइन को 7 अक्टूबर 2023 के लिए आगे बढ़ाया गया था। इस तारीख के बाद जो 2000 के नोट बचे थे उनके लिए आरबीआई ने 8 अक्टूबर 2023 से रिजर्व बैंक के ऑफिसों में बदलवाने की सुविधा को जारी रखी है। यही नहीं केंद्रीय बैंक ने साफ किया है कि सर्कुलेशन से बाहर किए गए ये 2000 रुपये के गुलाबी नोट लीगल टेंडर हैं और 19 आरबीआई कार्यालयों जो कि अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में हैं, उनमें जाने के अलावा जनता अपने नजदीकी किसी भी डाकघर के जरिए इंडिया पोस्ट के माध्यम से भी ये नोट जमा करा सकते हैं।

# 'अबकी बार 400 पार, तीसरी बार मोदी सरकार', लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने तैयार किया नया नारा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा अपनी तैयारी में जुटी हुई है। इसको लेकर भाजपा ने अपना नया नारा भी तैयार कर लिया है। इस बार के चुनाव में भाजपा 'अबकी बार 400 पार, तीसरी बार मोदी सरकार' का नारा देगी। इतना ही नहीं, जानकारी के मुताबिक भाजपा ने राज्य, लोकसभा और विधानसभा स्तर पर संयोजक और सहसंयोजक भी तय कर लिए हैं। भाजपा इस बार के चुनाव में महिला वोटर और युवाओं पर फोकस करेगी। ऐसे मतदाताओं को भी साधने की कोशिश में रहेगी जो की पहली बार वोट डालने जाएंगे। बीजेपी सोशल मीडिया अभियान में भी तेजी लाएगी। खबर यह भी है कि जल्दी पूरे भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा होगा। साथ ही साथ गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी अलग-अलग समय पर देश के अलग-अलग हिस्सों का दौरा करेंगे। 22 जनवरी के बाद प्रधानमंत्री का यह दौर लगातार जारी रहेगा। आज दिल्ली में भाजपा के नेताओं की बड़ी बैठक हुई है। इसी बैठक में इस नारे को गढ़ा गया है।

# केंद्रीय विदेश मंत्री जयशंकर ने चीन पर सरदार पटेल और नेहरू की नीति में बताया अंतर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया है कि भारत को चीन के साथ यथार्थवाद के आधार पर निपटना चाहिए। इस मौके पर उन्होंने चीन के साथ नेहरूवादी युग की रूमानियत पर हमला किया।

केंद्रीय विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, सरदार पटेल से लेकर नरेंद्र मोदी तक सभी का रास्ता है, मुझे लगता है कि यथार्थवाद का यही रास्ता हमें एक निश्चित दृष्टिकोण की ओर ले जाता है। विदेश मंत्री ने चीन पर व्यावहारिक दृष्टिकोण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी सराहना की। उन्होंने कहा, 'मैं कहूंगा कि मोदी सरकार बहुत अधिक और यथार्थवाद के अनुरूप रही है, जो सरदार पटेल से उत्पन्न हुई थी।

भारत के पहले केंद्रीय गृह मंत्री सरदार पटेल और पहले प्रधानमंत्री नेहरू के दृष्टिकोण में अंतर बताकर जयशंकर ने दोनों दिग्गजों के बीच मतभेद पर प्रकाश डाला। जयशंकर ने नेहरू और सरदार पटेल के यथार्थवादी दृष्टिकोण के बीच अंतर समझाकर कहा, उदाहरण के लिए जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सीट की बात आई, तब हमें बिल्कुल वह सीट लेनी चाहिए थी। खैर वह एक अलग बहस है, लेकिन यह कहना कि हमें पहले चीन को (सुरक्षा परिषद में) जाने देना चाहिए, चीन का हित पहले आना चाहिए, यह एक बहुत ही अजीब बयान है।



नेहरू के कार्यकाल की शुरुआत में चीन और भारत के बीच अच्छी दोस्ती थी। हालांकि भारत को 1962 में उस समय एक बड़ा झटका लगा जब चीन ने हमला कर दिया। चीन के आक्रमण ने नई दिल्ली में निर्णय लेने वालों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि चीन नीति पर दुबारा से विचार होना चाहिए।

क्या 2024 में भारत और चीन के बीच मतभेद खत्म हो पाएंगे? इस सवाल के जबाव में जयशंकर ने कहा, ताली बजाने के लिए दो हाथों की जरूरत होती है। मैं इस मुद्दे को इस तरह से देखता हूं कि अगर आप हमारी विदेश नीति के पिछले 75 से अधिक वर्षों को देखें, तब उसमें चीन के बारे में यथार्थवाद का जोर है और आदर्शवाद, रूमानियत, गैर-यथार्थवाद का तनाव है। यह शुरुआती दिनों से ही शुरू हो जाता है, जब नेहरू और सरदार पटेल के बीच इस बात को लेकर गहरा मतभेद था कि चीन को कैसे जवाब दिया जाए।

## ईडी के एक्शन से डरे सोरेन ने आज बुलाई विधायक दल की बैठक

### -पत्नी को सीएम पद की जिम्मेदारी सौंप सकते हैं

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को विधायक दल की बैठक बुलाई है। 3 जनवरी 2024 को 04.30 बजे मुख्यमंत्री आवास (पुराना) के सभागार में यह मीटिंग होगी। माना जा रहा है कि बुधवार को सीएम सोरेन अपनी पत्नी कल्पना को मुख्यमंत्री पद की कमान सौंप सकते हैं।

दरअसल, सीएम सोरेन पर भूमि घोटाला मामले में ईडी शिकंजा और ज्यादा कसने के संकेत मिले हैं। यही वजह है कि उन्होंने विधायक दल की बैठक एक दिन बाद यानी कल बुलाई है। इस बीच गिरिडीह के गांडेय से जेएमएम विधायक सरफराज अहमद ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि विधायक दल की बैठक में सहमति बनी तब सोरेन अपनी पत्नी को कल्पना सोरेन को सीएम पद की जिम्मेदारी सौंप सकते हैं।

दूसरी ओर झारखंड में जारी सियासी चर्चाओं के बीच बीजेपी नेता बाबूलाल मरांडी ने सोरेन सरकार पर निशाने पर लेकर लिखा है कि झारखंड में भी बिहार की तरह जंगल राज है। प्रदेश में फिर से जेएमएम के नेता पुराने दौर को दोहराने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने चारा घोटालेबाज लालू प्रसाद का जिक्र करते हुए कहा है कि जब उनके सारे पैंतरे फेल हो गए तब राबड़ी देवी को खडाऊं मुख्यमंत्री बनाकर वह जेल चले गए। अब सीएम हेमंत सोरेन ईडी द्वारा गिरफ्तारी की आशंका और जेल जाने के डर से पत्नी को सीएम बनाना चाहते हैं।

## बिहार सरकार को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश, जाति आधारित सर्वे के आंकड़े सार्वजनिक हों

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार राज्य द्वारा किए गए जाति-आधारित सर्वेक्षण की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली कई जनहित याचिकाओं (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए सवाल उठाया कि सरकार किस हद तक सर्वेक्षण डेटा के ऊपर रोक लगा सकती है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की खंडपीठ वर्तमान में बिहार सरकार के फैसले को बरकरार रखने के लिए 2 अगस्त को दिए गए पटना उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ गैर-सरकारी संगठनों यूथ फॉर इक्वेलिटी और एक सोच एक प्रयास और अन्य द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। जाति आधारित सर्वेक्षण करना। विशेष रूप से अदालत ने पक्षों को विस्तार से सुनने से पहले जाति सर्वेक्षण डेटा को प्रकाशित करने या उस पर कार्रवाई करने से राज्य को रोकने के लिए स्थगन या यथास्थिति का कोई भी आदेश पारित करने से लगातार इनकार कर दिया है।

पीठ ने आज पक्षों के वकील से कहा कि कानूनी मुद्दे, यानी उच्च न्यायालय के फैसले की सत्यता की जांच करनी होगी। इस दौरान जो सर्वे रिपोर्ट प्रकाशित हुई है, उसे दाखिल करने को कहा गया। वरिष्ठ अधिवक्ता राजू रामचंद्रन ने अदालत से अगले सप्ताह अंतरिम राहत के लिए याचिकाकर्ताओं की प्रार्थना पर सुनवाई करने का आग्रह करते हुए कहा कि जनगणना रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर रखने के बाद हम अंतरिम राहत के लिए बहस करना चाहते हैं। तात्कालिकता यह है कि रिपोर्ट को लागू किया जा रहा है, और आरक्षण दिया जा रहा है। इसे पटना उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी गई है। चूंकि चीजें तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

बिहार सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि सर्वेक्षण सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि अगर यह पूरी तरह से उपलब्ध है, तो यह एक अलग मामला है। लोगों को किसी विशेष निष्कर्ष को चुनौती देने की अनुमति देने के लिए डेटा का ब्रेक-अप आम तौर पर उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने स्थगन आदेश जारी करने पर भी आपत्ति जतानी शुरू कर दी।

# ममता और भतीजे अभिषेक के बीच बढ़ी कलह, वरिष्ठ और युवा नेताओं के बीच जंग

### -वरिष्ठ नेता युवाओं पर कंस रहे तंज

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की राजनीति मेंओल्ड गार्ड बनाम यंग ब्रिगेड का झगड़ा खूब चर्चा में है। टीएमसी की इस कलह पर विपक्ष हमलावार दिख रही है। टीएमसी में यह बहस तेज हो गई है, कि पार्टी के सीनियर नेताओं को युवाओं को पॉलिटिक्स में आने के लिए जगह देना चाह?ए। चूंकि पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी अनुभवी नेताओं का समर्थन कर रही हैं। जबकि भतीजे और पार्टी महासचिव अभ?षेक बनर्जी बड़े नेताओं को र?टायरमेंट देने के पक्ष में खड़े हो गए हैं।

बंगाल की 27 साल पुरानी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में पुराने बनाम नए पीढ़ी के नेताओं के मसले पर बहस और विवाद बढ़ गया है। इस बीच, पार्टी महासचिव अभिषेक ने सुप्रीमो ममता बनर्जी से मुलाकात की है। दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई, यह अभी तक सामने नहीं आया है, लेकिन विपक्षी दल लगातार इस आतंरिक कलह पर तंज कस रहे हैं। ममता अनुभवी नेताओं को साथ लेना चाहती हैं, जबकि अभिषेक का तर्क है कि अब युवाओं को मौका मिलाना चाहिए।



दरअसल, टीएमसी के 27वें स्थापना दिवस समारोह के बीच पार्टी के वरिष्ठ नेता और युवा पदाधिकारियों के कामकाज को लेकर कटाक्ष किया गया था। इस बीच, सूत्रों ने बताया कि ममता ने अभिषेक बनर्जी से मुलाकात की। दोनों नेताओं की मीटिंग को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि यह बैठक करीब दो घंटे तक चली। ममता के आवास पर परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

अभिषेक के करीबी नेता ने कहा, वे पार्टी सुप्रीमो से मिलने गए हैं। हमें बैठक के एजेंडे की जानकारी नहीं है। पार्टी के स्थापना दिवस समारोह के बीच यह झगड़ा बढ़ गया था। वरिष्ठ नेताओं ने युवा ब्रिगेड के नेता अभिषेक पर तंज कसते हुए तीखे जवाब दिए थे।

टीएमसी पार्टी पिछले कुछ वर्षों से इस मुद्दे से जूझ रही है। मामले में पिछले महीने एक नया मोड़ आया, जब मुख्यमंत्री ने युवा नेताओं से वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान करने की अपील की। अभिषेक बनर्जी का कहना है कि राजनीति में भी रिटायरमेंट की उम्र निर्धारित होनी चाहिए। उन्होंने बढ़ती उम्र के साथ कार्य कुशलता में गिरावट आने का हवाला दिया है। वहीं, ममता दीदी ने पार्टी के सीनियर लीडर्स को उचित सम्मान देने की सलाह दी है। उन्होंने वरिष्ठ नेता को सक्रिय राजनीति से रिटायरमेंट लेने के सुझाव को भी खारिज किया है। शीर्ष नेताओं की आतंरिक कलह खुलकर सामने आने से सियासत भी गरमा गई है।

कुणाल घोष टीएमसी के प्रवक्ता भी हैं। कुणाल ने दिसंबर में सत्ता संघर्ष की अफवाहों पर कहा था कि पार्टी के पुराने और नई पीढ़ी के नेताओं के बीच कोई संघर्ष नहीं है। उन्होंने पार्टी में ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी दोनों की जरूरत पर जोर दिया था। यह विवाद तृणमूल कांग्रेस के भीतर पुराने नेताओं और युवा पीढ़ी के बीच दो साल पुराने आंतरिक संघर्ष को दर्शाता है।

# विदेशों के तर्ज पर भारत में भी अपराध के दंड में सामाजिक सेवा की व्यवस्था

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हम विदेशों में किसी अपराध के दंड में सामाजिक सेवा करने की बातें सुनते रहे हैं, लेकिन अब ऐसा भारत में भी होगा। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की जगह लेने जा रहे नए कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में खास तरह के अपराधों के लिए कम्यूनिटी सर्विस का दंड देने की व्यवस्था है। चोरी के अपराध के लिए भी कुछ शर्तों के साथ सामुदायिक सेवा का प्रावधान किया गया है।

बीएनएस में चोर साबित हुए अपराधी के लिए कठोर दंड की जगह कम्यूनिटी सर्विस की सजा पाने की तीन शर्तें रखी गई हैं। पहला ये कि उसे पहली बार चोरी का दोषी ठहराया गया हो। दूसरा, चोरी की गई संपत्ति का मूल्य 5,000 रुपये से कम हो। तीसरा, वह चोरी की संपत्ति वापस करेगा या फिर उसकी कीमत का भुगतान करेगा।

चोरी के अलावा कई अन्य अपराधों के लिए भी सामुदायिक सेवा की सजा दी जा सकती है। इनमें धारा 84 के तहत समन पर अदालत में गैर-मौजूदगी, अवैध व्यापार में सरकारी कर्मी की संलिप्तता, सरकारी कर्मी को उसकी वैध शक्ति के प्रयोग से रोकने के लिए आत्महत्या का प्रयास, नशे में धुत होकर सार्वजनिक तौर पर हो-हंगामा और मानहानि शामिल जैसे अपराध भी शामिल हैं।

सामुदायिक सेवा के पीछे की अवधारणा अपराधियों को समाज की मुख्यधारा से दूर धकेलना नहीं बल्कि आरोपी को सजा देने के बजाय उस अपने गुनाह का अहसास करवाना है। बीएनएस में स्पष्ट कर दिया गया है कि इसका मकसद समुदाय का हित है जिसके लिए दोषी को कोई पारिश्रमिक नहीं मिलेगा। हालांकि, मानहानि के लिए सामुदायिक सेवा मानहानि के छोटे मामलों तक सीमित है जहां वैकल्पिक सजा दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों है। मानहानिकारक सामग्री को छापने या बेचने के दोषी लोग सामुदायिक सेवा के पात्र नहीं होंगे, भले ही इन अपराधों की सजा मानहानि के समान हो।

नशे में धुत व्यक्ति अगर हंगामा बरपाए तब उस 24 घंटे तक की साधारण कैद या 1,000 रुपये तक के जुर्माने के विकल्प के रूप में सामुदायिक सेवा की सजा दी जा सकती है।



इसी तरह, अवैध व्यापार में लिप्त लोक सेवक या लोक सेवक को मजबूर करने के लिए आत्महत्या का प्रयास करने वाले व्यक्ति के लिए अदालत द्वारा एक साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों के विकल्प के रूप में सामुदायिक सेवा का आदेश दिया जा सकता है।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरा टेस्ट जीतकर सीरीज में बराबरी करने उतरेगी भारतीय टीम

**केपटाउन (एजेंसी)।** रोहित शर्मा की कप्तानी में नये साल की शुरुआत में भारतीय टीम बुधवार को यहां मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट में जीत के इरादे से उतरेगी। टीम इंडिया पहले टेस्ट में हार के कारण पहले ही सीरीज में 1-0 से पीछे हैं। अब उसका लक्ष्य इस मैच को जीतकर सीरीज बराबरी पर लाना रहेगा। सेंचुरियन में खेले गए पहले टेस्ट मैच में मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने भारतीय टीम को तीन दिन के अंदर ही एक पारी और 32 रन से हरा दिया था। भारतीय टीम पिछले 31 साल से दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज का प्रयास कर रही है पर हर बार उसे शिकस्त का सामना करना पड़ा है। अब दूसरे टेस्ट मैच को जीतना भारतीय टीम के लिए आसान नहीं रहने वाला है। न्यू लैंड्स की पिच शुरुआत में तेज गेंदबाजों को मदद करने वाली है पर बल्लेबाज भी यहां अपना कौशल दिखा सकते हैं। इस पिच पर दोनों टीमों के गेंदबाजी आक्रमण की परीक्षा होगी। केपटाउन में विकेट काफी ज्यादा सपाट है। इस कारण इस विकेट पर साझेदारियां बढ़ेंगी, जिससे इसमें खेलना कठिन होता है। वहीं यदि पारंपरिक रूप से न्यूलैंड्स में हवा चलने पर पिच सूख जाएगी। ऐसे में स्पिनर्स के लिए परेशानी खड़ी हो सकती हैं। दक्षिण अफ्रीका ने न्यूलैंड्स में 59 टेस्ट मैच खेले हैं जहां उसे 27 में जीत मिली है जबकि 21 बार मेहमान टीम को जीत मिली है। वहीं 11 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। यहां के मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 23 मैचों में जीत हासिल की है जबकि लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को 25 मैचों में जीत मिली है।

भारतीय टीम ने केपटाउन में 6 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान उसे 4 में हार मिली है जबकि दो टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। भारतीय टीम को केपटाउन में आज तक जीत नहीं मिली है। भारत का यहां शीर्ष स्कोर414 रन रहा है जो उसने साल 2007 में दक्षिण अफ्रीका में बनाया था। वहीं भारतीय टीम का यहां सबसे कम स्कोर 135 रन रहा है। दक्षिण अफ्रीका ने साल 2018 में भारत को यहां 135 रनों पर आउट कर दिया था। वहीं मेजबान दक्षिण अफ्रीका की टीम इस मैच में बढ़े हुए मनोबल से उतरेगी। उसे घरेलू मैदान का भी लाभ मिलेगा। ऐसे में वह इस मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करना चाहेगी।

वहीं टीम इंडिया दूसरा टेस्ट मैच जीतकर सीरीज तो नहीं जीत सकती पर वह ड्रॉ जरूर करा सकती है। केपटाउन के न्यूलैंड्स की पिच पर भारत को अभी तक टेस्ट में जीत नहीं मिली है। ऐसे में टीम इंडिया यहां जीतकर इतिहास कायम कर सकती है। टीम इंडिया ने केपटाउन में अभी तक 6 टेस्ट मैच खेले हैं जहां उसे 4 में हार मिली है वहीं दो टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। इस मैच में मौसम साफ रहने की उम्मीद है।




### टीम

**भारत** = रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, प्रसिद्ध कृष्णा, केएस भरत (विकेटकीपर), अभिमन्यु ईश्वरन।

**दक्षिण अफ्रीका** = तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्कराम, टोनी डी ज़ोरज़ी, डीन एल्गर, कीगन पीटरसन, काइल वेरिन (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), नांद्रे बर्गर, मार्को यानसन, वियान मुल्डर, गेराल्ड कोएत्ज़ी, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, डेविड बेडिंघम।

# दूसरे टेस्ट में शार्दुल को बाहर कर अश्विन ओर जडेजा को शामिल करें : श्रीकांत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान के श्रीकांत ने कहा है कि केपटाउन में मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में ऑलरांडर शार्दुल ठाकुर को जगह नहीं मिलनी चाहिये। श्रीकांत के अनुसार इस मैच में अनुभवी स्पिनर आर अश्विन व ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा को एकसाथ आक्रमण पर लगाया जाये। श्रीकांत के अनसार जडेजा की वापसी के बाद भी अश्विन को अंतिम ग्यारह में जगह मिलनी चाहिये। इससे पहले जडेजा सेंचुरियन में खेले गए पहले टेस्ट मैच में पीठ में जकड़न के कारण शामिल नहीं थे। ऐसे में उनकी जगह अश्विन को अवसर दिया गया था. पर अब जडेजा की वापसी होने की उम्मीद है। ऐसे में कहा जा रहा है कि अश्विन को बाहर कर दिया जाएगा।

दक्षिण अफ्रीका की तेज पिचों को देखते हुए भारत ने मेजबानों के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए 4 तेज गेंदबाजों को शामिल किया था पर श्रीकांत के अनुसार दूसरे टेस्ट में शार्दुल की जगह पर अश्विन को रखा जाना चाहिये। इस पूर्व कप्तान के अनुसार अश्विन इस मैच में जडेजा के साथ मिलकर मेजबान बल्लेबाजों पर अंकुशलगा सकता है।

श्रीकांत ने कहा, ' मैं अभी भी अश्विन के साथ उतरना चाहूंगा। मुझे लगता है कि वह शार्दुल से बेहतर हैं। मैं शार्दुल की जगह अश्विन को खिलाऊंगा। यदि वह 5 विकेट नहीं ले सकते तो भी वह कुछ विकेट तो ले ही सकते हैं। इसके साथ ही वह जडेजा के साथ मिलकर कसी हुई गेंदबाजी कर सकते है। अश्विन और जडेजा की जोड़ी साथ में मिलकर 4 से 5 विकेट निकाल सकती है। . जो पर्याप्त है.' वहीं पहले टेस्ट में शार्दुल ने 19 ओवर में 101 रन देकर केवल एक ही विकेट लिया था। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा ने 20 ओवर में 93 रन देकर एक विकेट लिया था। ये दोनों गेंदबाज लगता है कि अपनी लाइन और लेंथ भूल गए हैं।

श्रीकांत ने कहा कि अभी कृष्णा को अंतिम ग्यारह से बाहर करना गलत होगा। साथ ही कहा कि केवल एक मैच के आधार पर ही किसी भी खिलाड़ी को बाहर करना ठीक नहीं है। श्रीकांत, ' यदि आप उनके बल्लेबाजों को परेशानी में डालना चाहते हैं तो आपके पास अश्विन ओर जडेजा जैसे स्पिनर हैं। ये दोनो ही उन्हें अपनी फ्लाइट से बीट कर सकते हैं। आप इस तरह से कुछ ना कुछ प्रयोग कर सकते हैं।

# दीप्ति शर्मा ने बनाया रिकॉर्ड, 100 वनडे विकेट पूरे, इस लिस्ट में बनाई जगह

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने महिला वनडे में 100 विकेट पूरे कर लिए हैं। 26 वर्षीय खिलाड़ी मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया महिलाओं के खिलाफ अपने पहले विकेट के साथ इस मुकाम पर पहुंचीं। वह महिला वनडे में 100 विकेट लेने वाली चौथी भारतीय बन गई हैं। महिला वनडे विकेटों के मामले में वह अपनी हमवतन राजेश्वरी गायकवाड़ से आगे निकल गईं।

दीप्ति ने नूशिन अल खादीर (100) की बराबरी कर ली है। अब वह केवल झूलन गोस्वामी (155) और नीतू डेविड (141) से पीछे हैं। दीप्ति गायकवाड़ से आगे निकल गईं, जिन्होंने अब तक इस प्रारूप में 99 विकेट लिए हैं। एकता बिष्ट 90 से अधिक महिला वनडे विकेट लेने वाली एकमात्र अन्य भारतीय महिला हैं।



दीप्ति ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया महिलाओं के खिलाफ पांच विकेट लिए थे। उक्त मुकाबले में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 50 ओवरों में 258/8 पर रोक दिया था। लेकिन इसके बाद भारतीय टीम को तीन रन से मुकाबला गंवा देना पड़ा था।

# टी20 क्रिकेट में रोहित शर्मा की होगी वापसी ! कुछ दिन में हो सकता है स्क्वॉड का ऐलान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक साल के लंबे ब्रेक के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की टी20 क्रिकेट में जल्द ही वापसी हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान के खिलाफ इसी महीने से शुरू होने वाली टी20 सीरीज से रोहित शर्मा टीम इंडिया में वापसी करेंगे। अगर इस सीरीज में रोहित की वापसी होती है तो इसका मतलब साफ है कि बीसीसीआई टी20 वर्ल्ड में उन्हें टीम इंडिया की कमान देने की तैयारी में है।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी रोहित शर्मा ही करेंगे। इस रिपोर्ट में बोर्ड अधिकारी के हवाले से ये भी लिखा गया है कि हमने रोहित शर्मा से लंबी बातचीत की है। वह टी20 वर्ल्ड कप में कप्तानी करने को तैयार है। साउथ अफ्रीका से टेस्ट सीरीज के ठीक बाद भारतीय टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। टी20 वर्ल्ड कप के पहले टीम इंडिया की आखिरी टी20 सीरीज है। ऐसे में भारत को वर्ल्ड कप के लिहाज से टीम कॉम्बिनेशन समेत अन्य चीजों को ट्राय करने की संभवत ये आखिरी मौका होगा। यही कारण है कि ये सीरीज बेहद अहम मानी जा रही है।

बता दें कि, अब तक माना जा रहा था कि रोहित अफगानिस्तान सीरीज का हिस्सा शायद ही बने। ये भी दावे किए जा रहे थे कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भी रोहित शर्मा नहीं होंगे। ऐसे कयास इसलिए भी लगाए जा रहे थे क्योंकि रोहित पिछले टी20 वर्ल्ड कप के बाद से ही किसी भी टी20 इंटरनेशनल का हिस्सा नहीं रहे हैं। हार्दिक पंड्या की दावेदारी भी इसकी बड़ी वजह थी। हालांकि, कुछ ही दिनों में अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम के स्क्वॉड का ऐलान हो सकता है। जिसमें कप्तानी की जिम्मेदारी रोहित शर्मा के कंधों पर हो सकती है।

# अकरम ने पीएसएल को मिनी आईपीएल करार दिया

लाहौर । पाकिस्तान के दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट की जमकर तारीफ की है। अकरम ने आईपीएल को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से अहम टूर्नामेंट बताया है। उन्होंने कहा कि पीएसएल को मिनी-आईपीएल भी कहा जा सकता है। साथ ही कहा कि मैं दोनों लीगों का हिस्सा रहा हूं पर इनकी तुलना नहीं की जा सकती है। आईपीएल विश्वस्तर पर एक बड़ा टूर्नामेंट है जबकि पीएसएल पाक में सबसे बड़ा टूर्नामेंट है।



वहीं जब अकरम से कोलकाता नाइट राइडर्स और कराची किंग्स के बीच चयन करने के लिए कहा गया, तो उन्होंने दोनो , को ही अच्छा बताया। आईपीएल में दुनिया भर के खिलाड़ी खेलते हैं पर पाक खिलाड़ियों को उसमें प्रवेश नहीं मिलता।

# सचिन सहित कई क्रिकेटरों ने प्रशंसकों को नये साल की बधाई दी



मुम्बई । महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर, वसीम जाफर और केएल राहुल सहित कई पूर्व और वर्तमान खिलाड़ियों ने प्रशंसकों को नये साल की शुभकामनाएं दी हैं। जाफर ने एक अलग ही अंदाज में सभी को नये साल की बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक अनूठे अंदाज में लिखा , सभी को नये साल की बधाई! आपके लिए ये साल पैट कमिंस के पिछले साल जैसा सफल हो।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान के कप्तान कमिंस ने पिछले साल कई अहम उपलब्धियां हासिल कीं थीं। उनकी कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के साथ ही एकदिवसीय विश्वकप भी जीता था। इसके अलावा कमिंस पर आईपीएल नीलामी में भी पैसा बरसा था। इससे वह आईपीएल इतिहास के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी भी बन गये थे। उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने 20 करोड़ 50 लाख रुपये में खरीदा था। वहीं सबसे ज्यादा रकम उनके के साथी मिचेल स्टार्क को मिली थी। स्टार्क को करीब 24 करोड़ की राशि मिली थी।

वहीं, महान बल्लेबाज सचिन ने शुभकामनाएं देते हुए कहा, नया साल नए सपनों को लिखने और वर्तमान सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध होने के लिए एक अच्छा समय है। हमारे सभी सकारात्मक विचार उन लक्ष्यों में प्रकट हों जो हम चाहते हैं। सभी के लिए सुखद हो ये नया साल। वहीं भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने लिखा, सभी के लिए नया साल प्यार, सकारात्मकता और रोमांच से भरा हो। वहीं भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने कहा, आने वाले वर्ष आपका खुशियों, सफलता और रोमांच से भरा हो। नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएं! नया साल मुबारक हो। इसके अलावा गौतम गंभीर सहित कई अन्य पूर्व क्रिकेटरों ने भी प्रशंसकों को बधाईयां दी हैं।

# दक्षिण अफ्रीका में चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के सिलसिले में दक्षिण अफ्रीका में 14 जनवरी से शुरू होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी जिसमें उसका सामना मेजबान देश के अलावा फ्रांस और नीदरलैंड से होगा।

हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार इस टूर्नामेंट से पहले 39 सदस्यीय कोर ग्रुप राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग लेगा जो बुधवार से भारतीय खेल प्राधिकरण के बेंगलुरू स्थित परिसर में शुरू होगा। पेरिस ओलंपिक के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी भारतीय टीम 11 दिन के शिविर के बाद केपटाउन रवाना होगी। दक्षिण अफ्रीका में 28 जनवरी तक चलने वाले टूर्नामेंट से भारतीय टीम को फरवरी में ओडीशा में होने वाले प्रो लीग की तैयारी करने का भी मौका मिलेगा।

भारत को प्रो लीग में ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, स्पेन और आयरलैंड का सामना करना है। भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'हमारे खिलाड़ी अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने के बाद तरोताजा होकर वापसी कर रहे हैं। हम दक्षिण अफ्रीका के दौरे से हॉकी सत्र की शुरुआत करेंगे। यहां से पेरिस ओलंपिक तक हमारा कार्यक्रम बेहद व्यस्त रहेगा। हमारे कोर ग्रुप में अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं।'



### कोर ग्रुप के लिए चुने गए खिलाड़ी

**गोलकीपरः** कृष्ण बहादुर पाठक, श्रीजेश पीआर, सूरज करकेरा, पवन, प्रशांत कुमार चौहान।


**डिफेंडरः** जरमनप्रीत सिंह, सुरेंदर कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप जेस, संजय, यशदीप सिवाच, दिपसन टिर्की, मंजीत।

**मिडफील्डरः** मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, मनिंदर सिंह।

**फॉरवर्डः** एस कार्ति, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, पवन राजभर।

# राफेल नडाल ने जीत के साथ ही साल की शुरुआत, डोमिनिक थिएम को हराया

ब्रिसबेन । बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन राफेल नडाल ने दुनिया के पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी डोमिनिक थिएम को 7.5, 6.1 से हराकर इस वर्ष में पहली जीत दर्ज की। पिछले साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में बाहर होने के बाद से नडाल ने कोई एकल मैच नहीं खेला है। 37 वर्ष के नडाल ने पहले सेट में सिर्फ छह सहज गलतियां की और तीन ही अंक गंवाए। उन्होंने 89 मिनट में यह मुकाबला जीता। कूल्हे की चोट के कारण लंबे रिहैबिलिटेशन के बाद लौटे नडाल यहां वाइल्ड कार्ड पर खेल रहे हैं। अन्य मैचों में जर्मनी के यानिका हांफमैन ने पांचवीं वरीयता प्राप्त सेबेस्टियन कोरडा को 7.5, 6.4 से मात दी। महिला वर्ग में 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन विजेता सोफिया केनिन ने 113वीं रैंकिंग वाली एरिना रोडियोनोवा को 7.5, 7.6 से हराया।



# अमेरिकी ओपन चैंपियन में कोको गॉ की शानदार शुरुआत

ऑकलैंड । अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉ ने मंगलवार को यहां ऑकलैंड टेनिस क्लासिक में हमवतन क्लेरी लियु को सीधे सेटों में हराकर 2024 के अपने सत्र की शानदार शुरुआत की। गत चैंपियन गॉ ने अपने फोरहैंड का शानदार नमूना पेश किया तथा लियु को 6-4, 6-2 से पराजित करके दूसरे दौर में प्रवेश किया। गॉ ने पिछले साल अमेरिकी ओपन के फाइनल में आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-3, 6-2 से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिन वोज्नियाकी ने नए साल की शुरुआत हार के साथ की। उन्हें पहले दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने 6-4, 6-3 से पराजित किया।



# पाकिस्तान ने की प्लेइंग 11 की घोषणा की, शाहीन अफरीदी बाहर

**सिडनी (एजेंसी)।** श्रृंखला के पहले दो टेस्ट हारने के बाद पाकिस्तान ने शाहीन शाह अफरीदी को उनके कार्यभार को प्रबंधित करने के लिए सिडनी में 3 जनवरी से शुरू होने वाले नए साल के टेस्ट के लिए ब्रेक देने का फैसला किया है। पाकिस्तान टीम प्रबंधन ने स्पष्ट कर दिया था कि अगर वे बॉक्सिंग डे टेस्ट हार जाते हैं तो टी20 विश्व कप करीब आने पर वे शाहीन को तीसरे मैच के लिए आगे नहीं बढ़ाएंगे। साजिद खान ने प्लेइंग इलेवन में इस तेज गेंदबाज की जगह ली। 30 वर्षीय खिलाड़ी ने अबरार अहमद की जगह ली, जब पहले टेस्ट के बाद अबरार को श्रृंखला से बाहर कर दिया गया था। उन्होंने विक्टोरिया इलेवन के खिलाफ टूर मैच में भाग लिया, लेकिन प्रभाव नहीं डाल सके क्योंकि उन्होंने सिर्फ एक विकेट लिया और छह रन बनाए। वहीं मेलबर्न में शानदार प्रदर्शन के बाद मोहम्मद रिजवान ने अपनी जगह बरकरार रखी है। उन्होंने 42 और 35 रन बनाए और अंतिम एकादश में अपना स्थान पक्का कर लिया क्योंकि कप्तान शान मसूद अनुभवी सरफराज अहमद से आगे उनका समर्थन करते रहे। सीरीज के आखिरी टेस्ट में सबकी निगाहें बाबर आजम पर होंगी। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान से उम्मीद की जा रही थी कि वह कप्तान का पद छोड़ने के बाद बल्ले से बेहतर प्रदर्शन करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस श्रृंखला में अब तक चार पारियों में 29 वर्षीय ने केवल 77 रन बनाए हैं, जिसने एशिया के बाहर बल्ले से उनके प्रदर्शन पर सवाल उठाए हैं। इस बीच, शाहीन, नसीम शाह और हारिस रऊफ के गायब होने से गेंदबाजी इकाई कमजोर दिख रही है। नसीम फिलहाल कंधे की चोट से उबर रहे हैं और उनके पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से पहले वापसी की उम्मीद है जबकि रऊफ ने टेस्ट क्रिकेट के बजाय बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने का फैसला किया। उनकी अनुपस्थिति में हसन अली को गेंद के साथ अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी।



**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए पाकिस्तान की प्लेइंग 11**

सईम अयूब, अब्दुल्ला शफीक, शान मसूद (कप्तान), बाबर आजम, सऊद शकील, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), सलमान आगा, साजिद खान, हसन अली, मीर हमजा, आमिर जमाल

# लियोन के तीन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में सचिन, विराट भी शामिल

सिडनी । ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने कहा है कि उन्होंने अपने अब तक के करियर में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेला है। लियोन के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियें की सूची में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के अलावा दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स हैं। लियोन अभी विश्व के शीर्ष स्पिनरों में शामिल हैं। उनके नाम टेस्ट प्रारुप में 500 से अधिक विकेट हैं। लियोन ने पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी में तीसरे टेस्ट मैच से पहले कहा कि उन्होंने अब तक कई बेहतरीन खिलाड़ियों के खिलाफ खेला है पर सर्वश्रेष्ठ की बात की जाये तो ये तीन ही हैं। लियोन ने विराट को टेस्ट में 7 बार आउट किया है। उन्होंने साल 2011 और साल 2013 के के दौरान सचिन को 4 बार आउट किया। उन्होंने 27 टेस्ट मैचों में भारत के खिलाफ 121 विकेट लिए हैं। उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 50 रन देकर आठ विकेट भी बेंगलुरु में भारत के खिलाफ किया था। लियोन ने डिविलियर्स को भी दो बार आउट किया है। बता दें कि लियोन ने पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में 500 टेस्ट विकेट लिए थे। वह 500 टेस्ट विकेट लेने वाले चौथे स्पिनर हैं।



# केपटाउन में आज तक नहीं जीत सकी है भारतीय टीम, रोहित बदल पायेंगे इतिहास ?



**केपटाउन (एजेंसी)।** भारतीय टीम बुधवार को मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में किसी भी प्रकार जीत दर्ज कर सीरीज बराबरी पर लाने के इरादे से उतरेगी। हालांकि ये भारतीय टीम के लिए आसान नहीं रहेगा। भारतीय टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी पहले टेस्ट में विफल रही थी थी जिसके वह मनोबल कम हुआ है। वहीं अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो भी भारतीय टीम का पलड़ा कमजोर है। भारत को कभी भी केपटाउन के न्यूलैंड्स में जीत नहीं मिली है। उसे पिछले छह में से 4 टेस्ट मैच में हार मिली थी।

दोनो के बीच केपटाउन में पहला टेस्ट मैच 1993 में खेला गया था। तब भारतीय टीम की कप्तानी मोहम्मद अजहरुद्दीन के पास थी। वहीं दक्षिण अफ्रीकी टीम की कप्तानी कैप्लर वेसल्स कर रहे थे। यह मैच बराबरी पर समाप्त हुआ था।

भारत और दक्षिण अफ्रीका यहां दूसरी बार 1997 में आमने-सामने आये थे। इस मैच में सचिन तेंदुलकर की कप्तानी वाली भारतीय टीम को 282 रनों से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम इसके एक दशक के बाद द्रविड़ की कप्तानी में एक बार फिर केपटाउन में उतरी पर इस बार उसे 5 विकेट से हार झेलनी पड़ी।

भारत ने 1993 के बाद 2011 में भी केपटाउन में टेस्ट मैच ड्रॉ कराया। इस प्रकार महेन्द्र सिंह धोनी, दूसरे ऐसे कप्तान बने, जिनकी कप्तानी में भारत केपटाउन में नहीं हारा। साल 2011 के बाद भारतीय टीम दो बार और केपटाउन में टेस्ट मैच खेलने उतरी पर दोनों ही बार उसे हार का सामना करना पड़ा. दक्षिण अफ्रीका ने साल 2018 में 72 रन और 2022 में 7 विकेट से जीत दर्ज की। इस दौरान विराट कोहली कप्तान थे। ऐसे में अब देखना है कि रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम केपटाउन में जीतती है या उसे भी हार मिलती है।



## किक 2 पर निर्माता ने दिया बड़ा अपडेट, जानें कब शुरू होगी सलमान खान की फिल्म की शूटिंग

**सलमान खान और जैकलीन फर्नांडीज अभिनीत किक के सीक्वल किक 2 की घोषणा काफी पहले हो गई थी। हालांकि, इस घोषणा के बाद से कोई ठोस विकास नहीं हुआ है। फैंस, फिल्म पर आधिकारिक अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पिछले वर्ष से किक 2 के बारे में काफी चर्चा हो रही थी, और अफवाहें थीं कि फिल्म जल्द ही शुरू होगी। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। 2023 खत्म होने में एक दिन का समय बाकी है। ऐसे में इस मूवी पर बड़ा अपडेट सामने आया है, जिसे जानकर फैंस का खुश होना लाजमी है।**

चर्चा है कि फिल्म 2024 में शुरू हो सकती है। अब निर्माताओं ने भी इसके बारे में संकेत दे दिया है। किक 2 की स्क्रिप्ट पूरी तरह से तैयार है, और टीम इसे 2024 में रोल आउट करने की तैयारी कर रही है। शनिवार (30 दिसंबर) को, नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के आधिकारिक एक्स हैंडल से 2024 में अगली कड़ी को किक-स्टार्ट करने का संकल्प साझा किया गया। सुपरस्टार सलमान खान ने भी हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था कि उनके पास पाइपलाइन में किक 2, दबंग फ्रेंचाइजी की अगली किस्त और सूरज बड़जात्या की फिल्म है। वहीं, अभिनेता की अगली फिल्म निर्देशक विष्णु वर्धन के साथ द बुल है, जिसकी शूटिंग वे 29 दिसंबर से शुरू कर चुके हैं। किक 2 को लेकर उम्मीद है कि सलमान कान इसमें देवी लाल डेविल सिंह की भूमिका फिर से निभाएंगे। हमें विशेष रूप से पता चला है कि जैकलीन फर्नांडीज भी डॉक्टर शाइना मेहरा के रूप में सीक्वल में वापसी करेंगी। कुछ समय बाद सलमान और जैकलीन को एक साथ स्क्रीन शेयर करते देखना वाकई रोमांचक होगा। किक के बारे में बात करें तो यह एक्शन कॉमेडी फिल्म वर्ष 2014 में रिलीज हुई थी और दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त ब्लॉकबस्टर रही थी।



## छोटे नवाब इब्राहिम के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेट करती नजर आईं पलक तिवारी



बी-टाउन में सेलेब्स और उनके बच्चों के लिए किसी भी बात को राज रखना काफी मुश्किल है, खासकर उनकी डेटिंग लाइफ के बारे में। अब इब्राहिम अली खान की पलक तिवारी को डेट करने की खबर आग की तरह फैल गई है। हाल ही में, दोनों कपल को मुंबई में एक साथ घूमते हुए देखा गया था। दोनों की यह तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। साल के आखिरी दिन को हर बी-टाउन सेलेब्स ने बेहद खास अंदाज में सेलिब्रेट किया है। अब वायरल हो रही एक वीडियो में इब्राहिम अली खान और पलक तिवारी को एक ही कार के अंदर एक साथ देखा गया। जैसे ही पैपराजी ने उन पर स्पॉटलाइट डाली दोनों ही सेलेब्स कैमरों से अपना चेहरा छिपाते नजर आए। क्लिप में कपल को अपने ड्राइवर और एक करीबी दोस्त के साथ एक नीली लक्जरी कार के अंदर बैठे देखा गया है। एक तरफ, जहां सैफ अली खान के बेटे ने ब्राउन रंग की जैकेट पहनी हुई थी, वही उनकी कथित प्रेमिका पलक को ब्लैक ड्रेस में देखा गया था। यह पहली बार नहीं है जब इस कपल को एक साथ देखा गया हो। उन्हें पार्टियों, संगीत कार्यक्रमों और डिनर डेट पर भी एक साथ देखा गया है। पिछले दिनों करण जौहर के शो कॉफी विद करण 8 के पिछले एपिसोड में अभिनेता सैफ अली खान से पूछा गया था कि क्या उनके पास पूर्व पत्नी अमृता सिंह के साथ उनके बड़े बेटे इब्राहिम अली खान के पास आने वाली महिलाओं के लिए कोई राय है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सैफ ने कहा कि उन्हें सिंगल रहना चाहिए। मेरी राय कोई मायने नहीं रखती।

# लोगों को खुश करने के लिए फेक बिहेव करने लगी थी



**अनन्या पांडे की नई फिल्म खो गए हम कहां ओटीटी पर रिलीज हो रही है। इस फिल्म को लेकर बातचीत करते हुए अनन्या ने रियल लाइफ और सोशल मीडिया के दौर की बात की। उन्होंने कहा- मुझे पिछले साल ये अहसास हुआ कि जब कैमरा ऑन होता था तो मेरी आवाज बदल जाती थी और लगा कि मैं कुछ खुद से अलग बिहेव कर रही हूं।**

**आपकी फिल्म सोशल मीडिया का युवा पीढ़ी और उनके रिश्तों पर पड़ रहे असर के बारे में हैं। जबकि, आप खुद इंस्टाग्राम पर बहुत ऐक्टिव रहती हैं...**

सब ऐसा ही सोचते हैं, लेकिन अब मैंने सोशल मीडिया का इस्तेमाल बहुत कम कर दिया है। मैं पहले सोशल मीडिया पर ऐक्टिव थी, पहले जितने पोस्ट करती थी, अब नहीं करती। अभी फिल्म की वजह से मैं ज्यादा पोस्ट कर रही हूं। मुझमें ये बदलाव इस फिल्म की ही वजह से आया है क्योंकि मुझे अहसास हुआ कि मैं कितने पोस्ट कर रही थी, सिर्फ लोगों के वैलिडेशन, लोगों के रिएक्शन के लिए। फिर, कौन वो पोस्ट लाइक कर रहा है, कौन कॉमेंट कर रहा है, सब सिर्फ उस एक पोस्ट के बारे में हो जाता था, लेकिन इस फिल्म को करने और मैच्योरिटी आने के साथ मुझे समझ में आया कि यह गलत है। ये मेरे मेंटल हेल्थ के लिए निश्चित तौर पर अच्छा नहीं है। वैसे, हमारी फिल्म सिर्फ सोशल मीडिया के बारे में नहीं है। ये रिश्तों के बारे में हैं कि आज के समय में लोग रिलेशनशिप को कैसे हैंडल कर रहे हैं तो सभी इन किरदारों से कहीं न कहीं जुड़ाव महसूस करेंगे।

**आपने हाल ही में कहा कि आप अकेले में रोती थी पर उसी वक्त इंस्टाग्राम पर मस्ती भरी फोटो पोस्ट करती थीं। ऐसा करने की जरूरत क्यों पड़ी?**

ऐसा होता है, क्योंकि इंस्टाग्राम पर कोई किसी को दुखी नहीं देखना चाहता। हर किसी की जिंदगी में पहले से इतनी दिक्कतें चल रही होती हैं कि कोई दूसरे का दुख नहीं देखना चाहता तो आप कई बार दिखावा करते हैं। आप सोशल मीडिया पर देखें तो लगता है कि आपकी जिंदगी में सब अच्छा ही चल रहा है, जबकि ये संभव ही नहीं है कि आपकी जिंदगी में सबकुछ अच्छा ही चल रहा है। इसलिए, हम सब कहीं न कहीं उस दिखावे को बढ़ावा देने के दोषी हैं।

**आपको लॉन्च करने वाले फिल्ममेकर करण जौहर ने हाल ही में कहा कि सिलेब्रिटीज जनता के बीच अपना एक वर्जन पेश करते हैं। आप इससे कितनी सहमत हैं? क्या आपने निजी तौर पर भी ऐसा महसूस किया है?**

ये सही है। मुझे पिछले साल ये अहसास हुआ कि जब कैमरा ऑन होता था, तब मेरी आवाज बदल जाती थी। वो बहुत हाई पिच हो जाती थी, बहुत स्वीट हो जाती थी और मुझे लगा कि मैं कुछ खुद से अलग बिहेव कर रही हूं। मुझे खुद ही अपना बिहेवियर बहुत फेक (नकली) लगने लगा तो अब मैं वो थोड़ा सामान्य करने की कोशिश कर रही हूं। मैं एक बैलेंस बनाने की कोशिश कर रही हूं कि क्योंकि हमारा प्रफेशन ऐसा है कि हमें लोगों को हमेशा खुश रखना होता है। जैसे, कोई फैन आता है, जो फोटो लेना चाहता है, जबकि आपका दिन अच्छा नहीं रहा है, आप अच्छे मूड में नहीं हैं, फिर भी आपको खुश होने का दिखावा करना होगा वरना आप उन पर एक बुरा इम्प्रेशन छोड़ेंगे तो हमें इन चीजों का ध्यान रखना पड़ता है। कई बार हमें थोड़ा दिखावा करना पड़ता है, लेकिन हम वो दूसरों को खुश करने और सहज महसूस कराने के लिए करते हैं।

**आपने सोशल मीडिया का जो नकारात्मक पक्ष है, साइबर बुलींग, ट्रोलिंग, वो भी काफी झेली है। आपने इसके खिलाफ एक पहल भी की थी- सो पॉजिटिव, उसका कितना फायदा हुआ? क्या अब आप ट्रोल्स से निबटना सीख गई हैं? या अब भी आप पर उसका असर पड़ता है?**

देखिए, आखिर में मैं भी इंसान हूं, मुझे भी दर्द होता है। मुझे भी बुरा लगता है, खासकर जब परिवार के बारे में बात करते हैं, मेरी बहन के बारे में बात करते हैं, मुझे अच्छा नहीं लगता है, लेकिन उम्र और अनुभव के साथ मैं निश्चित तौर पर ज्यादा स्ट्रॉन्ग हो गई हूं। वहीं, जो मैंने सो पॉजिटिव शुरू किया था, वो उन यंग लोगों के लिए था, जो ये जानना चाहते हैं कि अगर उनके साथ साइबर बुलींग या ट्रोलिंग हो रही है तो वो क्या कर सकते हैं। किसको कॉन्टैक्ट कर सकते हैं, वहां से शुरुआत हुई थी लेकिन सो पॉजिटिव ने मुझे भी सिखाया कि मुश्किल वक्त में खुशियां कैसे ढूंढ़ें। मुझे याद है कि कोविड के दौरान मैंने एक सीरीज की थी, उन लोगों के बारे में जो कुछ अच्छा काम कर रहे हैं। जैसे किसी ने एंबुलेंस सर्विस शुरू किया, कोई आवारा जानवरों की मदद कर रहा था तो उनसे बात करके मुझे काफी पॉजिटिव महसूस हुआ।

## करीना कपूर ने नए कलाकारों पर साधा निशाना! बोलीं- उनसे ज्यादा मेहनती हैं हमारी पीढ़ी के स्टार्स

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर ने इंडस्ट्री में न सिर्फ अपने अभिनय से अलग पहचान बनाई है, बल्कि उन्होंने कई स्टीरियोटाइप्स भी तोड़े हैं। शादी और बच्चों के जन्म के बाद भी बेबो ने करियर से समझौता नहीं किया है। इस साल उन्होंने ओटीटी डेब्यू भी कर लिया। करीना हाल ही में आज की पीढ़ी के कलाकारों पर बात करती नजर आईं। इस दौरान एक्ट्रेस ने कहा कि नए कलाकारों की तुलना में उनकी पीढ़ी के कलाकार ज्यादा मेहनती हैं।


### रानी और तब्बू की तारीफ में बोलीं बेबो

हाल ही में एक बातचीत के दौरान करीना कपूर ने तब्बू और रानी मुखर्जी की दिल खोलकर तारीफ की। इस दौरान उन्होंने दोनों अदाकाराओं की तुलना मौजूदा पीढ़ी के सितारों से की। रानी के लिए करीना ने कहा, इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के सितारों में वे बेहद प्रतिभाशाली स्टार हैं। रानी मुखर्जी हर तरीके से सिनैमेटिक हैं। वो कोई भी रोल प्ले करें, स्क्रीन पर एकदम ट्रांसफॉर्म हो जाती हैं। आप अपनी पलक नहीं झपका सकते।

### नए कलाकारों के लिए कही ये बात

वहीं, तब्बू के बारे में बात करते हुए करीना ने कहा, तब्बू भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की शानदार एक्ट्रेस हैं। उनके बारे में कहा जा सकता है कि कोई भी उम्र के बारे में नहीं सोच रहा है। वे सिर्फ दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। आखिर हम यहां एंटरटेन करने के लिए हैं। ऐसे में उम्र कैसे मायने रख सकती है? करीना ने आगे कहा, कहने के लिए माफी चाहूंगी, लेकिन ये सभी कलाकार युवा कलाकारों के मुकाबले ज्यादा बेहतर काम कर रहे हैं। करीना ने कहा, उम्र अब सिर्फ एक संख्या है और इस पर चर्चा भी नहीं होनी चाहिए। आप सभी अभिनेताओं की पुरानी पीढ़ी से यह नहीं पूछ रहे हैं कि उनकी उम्र कितनी है, तो हमसे कैसे पूछा जा रहा है? वर्क फ्रंट की बात करें तो करीना हंसल मेहता की क्राइम थ्रिलर द बंकिंघम मर्डर्स में नजर आएंगी। इसके जरिए वो बतौर प्रोड्यूसर भी डेब्यू कर रही हैं। इसके अलावा करीना के पास द क्रू भी है। इसमें वे तब्बू और कृति सेनन के साथ स्क्रीन साझा करती दिखेंगी।





## अधूरी पड़ी हैं 5 स्क्रिप्ट्स, अब पुरानी कहानियों का पिटारा खोलूंगा

फिल्ममेकर राजुकमार हिरानी ने साल 2003 में फिल्म 'मुन्ना भाई ...' से मुन्ना भाई और सर्किट जैसे आइकॉनिक कैरेक्टर्स इंट्रोड्यूस किए थे। 3 साल बाद साल 2006 में फिल्म का सीक्वल 'लगे रहो मुन्ना भाई' रिलीज हुआ और यह भी सुपर-डुपर हिट रहा। फिल्म में मुन्ना और सर्किट ने अपनी गांधीगिरी से सबका दिल जीत लिया। तब से लेकर अब तक फिल्म के थर्ड पार्ट को लेकर चर्चा जारी है। हाल ही में हिरानी ने मुन्ना भाई 3 पर बात की। डायरेक्टर ने कहा, 'मुन्ना भाई के साथ हमेशा मेरा स्ट्रगल यही रहा है कि पिछली दो फिल्में इतनी अच्छी बन गई हैं कि मेरे पास 5 आधी लिखी स्क्रिप्ट्स अभी तक पड़ी हुई हैं। मुझे लगता है कि अगर में पिछली दोनों फिल्मों के लेवल तक नहीं पहुंच पाऊंगा तो तीसरी नहीं बना पाऊंगा। मेरे पास एक कहानी है जो बनाई जा सकती है पर कुछ कहानियां आउटडेटेड हो जाती हैं तो अब यह वक्त ही बताएगा कि यह फिल्म कब बनेगी।' हिरानी ने आगे कहा, 'इसे लेकर मेरी संजू (संजय दत्त) सेअक्सर बात होती है। वो भी कहता है कि एक और पार्ट बनना चाहिए। अभी ये 'डंकी' खत्म हुई है तो मैं पुरानी कहानियों का पिटारा खोलूंगा। मन तो है कि एक मुन्ना भाई और बने पर कब तक बनेगी वो मुझे अभी नहीं पता।'

## प्रभास की अपकमिंग फिल्म का अनाउंसमेंट हुआ, डबल रोल में दिख सकते हैं स्टार

इन दिनों प्रभास फिल्म सलार की वजह से चर्चा में बना हुए हैं। इसी बीच उनकी अपकमिंग फिल्म के बारे में जानकारी सामने आई है। इस बात की अनाउंसमेंट एक तस्वीर के जरिए की गई है, जिस पर सिर्फ रिबेल स्टार प्रभास का नाम लिखा है। फिल्म की टाइटल का अनाउंसमेंट पोंगल के मौके पर होगा। इस फिल्म का डायरेक्शन मारुति कर रहे हैं। डायरेक्टर मारुति ने ट्विटर पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा है- मैं काफी एक्साइटेड हूं और इस दिन का लंबे समय से इंतजार कर रहा था। रिबेल स्टार प्रभास को नए अवतार में पेश करते हुए बेहद खुश हूं। आप सभी से पोंगल पर मिलते हैं।

### डबल रोल में दिखेंगे प्रभास!

डायरेक्टर मारुति ने जो तस्वीर शेयर की है, वो काफी रंग-बिरंगी है। जिसे देख इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस फिल्म में प्रभास सॉफ्ट लुक में नजर आएंगे। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में प्रभास डबल रोल प्ले करेंगे। वो दादा और नाती के किरदार में देखे जा सकते हैं। फिल्म की शूटिंग भी दो शेड्यूल में की जाएगी। फीमेल लीड रोल के लिए मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार के नाम पर चर्चा हो रही है। हालांकि, किसी ने नाम पर अभी कंफर्म मुहर नहीं लगा है। पहले फिल्म का अस्थाई टाइटल राजा डीलक्स रखा गया था, मगर बाद में मेकर्स ने इसे खारिज कर दिया है। फिल्म का फाइनल टाइटल पोंगल पर अनाउंस किया जाएगा। 22 दिसंबर को रिलीज हुई प्रभास की फिल्म सलार बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म कर रही है। हालांकि, कमाई के मामले में यह केजीएफ को पीछे नहीं छोड़ पाई है। सलार ने अब तक डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर 308.90 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। वर्ल्डवाइड बिजनेस की बात करें तो सलार ने बीते बुधवार को ही 500 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया था।



# आमजन की शिकायतों का प्रमुखता से करें निस्तारण : अनूप प्रधान





**नोएडा ( चेतना मंच )।** राजस्व विभाग उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री अनूप प्रधान ने भ्रमण के दौरान जनपद की दादरी व सदर तहसील पहुंचे, जहां पर उन्होंने तहसील के कार्यो की समीक्षा करते हुये तहसील परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस अवसर पर मंत्री के द्वारा तहसील परिसर में पौधारोपण व जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये गये एवं आमजन की शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए, संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

श्री प्रधान ने तहसीलों के कार्यो की समीक्षा करते हुये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसील के लंबित वादों का निर्धारित समय अवधि में गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए एवं तहसील में सभी पत्रावलियों का रखरखाव मानकों के अनुरूप सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिये कि तहसील कार्यालय में सभी अधिकारी व कर्मचारीगण समय से उपस्थित होकर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुचानें की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

उन्होंने तहसील परिसर का निरीक्षण करते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसील परिसर में सभी मूलभूत सुविधाएं एवं साफ सफाई की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने के भी निर्देश दिए, ताकि तहसील परिसर में आने वाले फरियादियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर दादरी तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी दादरी आलोक गुप्ता तथा सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान, उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार, तहसीलदारगण तथा तहसील कार्यालयो के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसटीपी नहीं तो लगेगा जुर्माना

## 28 बिल्डरों को प्राधिकरण ने भेजा नोटिस

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** यूपी की आधुनिक सिटी ग्रेटर नोएडा में विभिन्न सोसाइटी के सीवर को शोधित करने के लिए मानकों के अनरूप एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) का निर्माण व संचालन न करने वाले 28 और बिल्डर सोसाइटियों को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने नोटिस जारी किया है। प्राधिकरण ने एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर लीज डीड की शर्तों के अनुरूप कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इससे पहले प्राधिकरण ने 37 बिल्डर सोसाइटियों के लिए नोटिस जारी किए थे।

ग्रेटर नोएडा की अलग-अलग सोसाइटी के निवासियों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार से शिकायतों की थी कि एसटीपी से शोधित किए बिना ही सीवरेज को नाले में बहाया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सर्वे में भी कई सोसाइटियों में बने एसटीपी मानकों के अनुरूप नहीं मिले। इनमें से कुछ एसटीपी मानकों के अनुरूप के अनुरूप बने नहीं हैं और कुछ का संचालन ठीक से नहीं हो रहा, जिसके चलते ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी के निर्देश पर सीवर विभाग की तरफ से पूर्व में 37 बिल्डरों को नोटिस जारी किया गया था। अब 28 और बिल्डर सोसाइटियों के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस में प्राधिकरण ने एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर लीज डीड की शर्तों के अनुरूप कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि जिन बिल्डरों ने अपने रिहायशी प्रोजेक्ट में एसटीपी नहीं बनाए हैं, वे एसटीपी बनाकर शीघ्र चालू करें। जिन सोसाइटियों में बने हैं वे उनको नियमित रूप से संचालित करें। सीवर को शोधित करना अनिवार्य है। शोधित पानी को उद्यानीकरण में उपयोग करें एनजीटी की तरफ से भी इस बाबत सख्त आदेश दिए गए हैं। ऐसा न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इन सोसाइटियों पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया जाएगा। इसके बावजूद सुधार न हुआ तो एनजीटी के आदेशों के मद्देनजर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा में 20 हजार वर्ग मीटर या उससे अधिक एरिया पर बनने वाले सभी प्रोजेक्टों को अपना एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) बनाना और उसे फंक्शनल रखना अनिवार्य है, लेकिन कई सोसाइटियों के निवासी प्राधिकरण से लगातार शिकायत कर रहे थे कि उनके यहां एसटीपी नहीं बने हैं। कुछ सोसाइटियों में एसटीपी बने हैं तो वह फंक्शनल नहीं हैं। अब प्राधिकरण ऐसे बिल्डरों पर कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है।

## सीसीटीवी कैमरों की बैट्री चुराने वाले चोरों पर गैंगस्टर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एक्सप्रेसवे, हाईवे तथा चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की बैटरी व कीमती उपकरण चोरी करने वाले गिरोह के 4 सदस्यों के खिलाफ थाना सेक्टर-39 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा था और उनके पास से चोरी का सामान बरामद किया था।

थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने तूफानी गुप्ता, राजकुमार, राम सिंह व संदीप गैसला के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है।

उन्होंने बताया कि गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किए गए आरोपी शातिर बदमाश है और संगठित गिरोह बनाकर आपराधिक वारदात को अंजाम देते हैं। पकड़े गए आरोपियों ने जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस वे, हाईवे व चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की बैटरी, कीमती उपकरण तथा वाहनों को चोरी करने जैसे अपराध किए हैं।

## चुनाव को लेकर एकजुट हों कार्यकर्ता : अविनाश



**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के लिए एकजुट हो जाएं तथा चुनाव की तैयारियां करें।

मालूम हो कि कांग्रेस के पूर्व सचिव मुकेश यादव, पूर्व प्रदेश सदस्य सतेन्द्र शर्मा एवं अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय कोडिनेटर लियाकत चौधरी ने कॉंग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड पर पूर्व सांसद, वर्किंग कमेटी के सदस्य तथा राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त प्रभारी अविनाश पांडेय से मुलाकात कर बधाई एव शुभकामनाएं दी।

पूर्व महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा है कि 'यूपी जोड़ो यात्रा' में जनता जनार्दन का भरपूर समर्थन मिल रहा है। कार्यकर्ता मजबूती से यूपी जोड़ो यात्रा में पैदल चल रहा है। नोएड़ा से भी कई कार्यकर्ता यात्रा में चल रहे है। आगामी लोकसभा चुनाव में कॉंग्रेस पार्टी मजबूती से लड़ने जा रही है।

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विभाग के कोडिनेटर लियाक़त चौधरी ने बधाई देते हुये कहा है कि कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता ने हमेशा संघर्ष किया है। जनता के लिए काम किया है। बधाई देने वालो में राष्ट्रीय कोडिनेटर लियाक़त चौधरी, पूर्व महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव, पूर्व पीसीसी सदस्य सतेन्द्र शर्मा,राहुल कुमार रहे।

## नशे में धुत्त बाइक चालक ने वृद्ध को टक्कर मारी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-77 में सड़क पार कर रहे एक वृद्ध को नशे में धुत्त बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक बाइक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

सेक्टर-77 स्थित सिविटेक संप्रति निवासी अभिषेक सरीन ने बताया कि उसके (67 वर्षीय) पिता दीपक सरीन बीती रात सोसायटी के पास रोड क्रॉस कर रहे थे। इस दौरान तेज गति में आ रहे बाइक सवार ने उनके पिता को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय बाइक सवार शराब के नशे में था और हादसे को अंजाम देने के बाद वह मौके से फरार हो गया। अभिषेक सरीन के मुताबिक अस्पताल में भर्ती उसके पिता की हालत गंभीर बनी हुई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर बाइक को जप्त कर लिया गया है।

## नोएडा के स्कूल 6 जनवरी तक बंद

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सर्दी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा समेत पूरा



जिला शीतलहर की चपेट में हैं। तापमान में भी लगातार गिरावट आ रही है। नोएडा (गौतमबुद्धनगर जनपद) के डीएम मनीष कुमार ने कक्षा आठ तक के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। डीएम के आदेश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से स्कूलों में छुट्टियों का आदेश जारी कर दिया है। नोएडा (गौतमबुद्धनगर) के जिला बेसिक शिक्षा राहुल पवार ने बताया कि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के आदेश अनुसार घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के कारण नोएडा व ग्रेटर नोएडा समेत पूरे जनपद गौतमबुद्धनगर में संचालित समस्त बोर्ड से मान्यता प्राप्त कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के सभी 6 जनवरी 2024 तक अवकाश रहेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जनपद के सभी स्कूल संचालकों और प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि डीएम द्वारा दिए गए आदेश का कड़ाई से पालन किया जाएगा। इन आदेशों का पालन ना करने वाले स्कूल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## बदमाश गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बीटा-2 पुलिस ने घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश के पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गस्त पर थी। इस दौरान सेक्टर सिग्मा-2 के गेट नंबर-3 के पास एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भाग निकला। संदेह के आधार पर उक्त व्यक्ति को पुलिसकर्मियों ने पकड़कर तलाशी ली ।तलाशी में उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम इमरान पुत्र जहीर निवासी ग्राम कासना बताया। इमरान ने बताया कि वह बंद पड़े घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देता है। चोरी करने के दौरान अगर कोई व्यक्ति उसे पकड़ने का प्रयास करता है तो वह उसे तमंचा दिखाकर वहां से भाग जाता है।

थाना प्रभारी के मुताबिक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

# शनि मंदिर में सहयोग के लिए यू-फ्लैक्स का आभार जताया



**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्री सिद्ध पीठ शनि मंदिर नोएडा के पदाधिकारियों ने यूफ्लेक्स लिमिटेड नोएडा के लीगल एवं कॉरपोरेट अफेयर्स के अध्यक्ष दिनेश जैन से मुलाकात की। पदाधिकारियों ने मंदिर के विकास कार्यों के लिए दिए जा रहे सहयोग पर उनका आभार जताया।

मंदिर समिति के अध्यक्ष मानसिंह चौहान एवं मंत्री/ सचिव राजीव मिश्रा ने उफ्लेक्स लिमिटेड नोएडा के लीगल एवं कॉरपोरेट अफेयर्स के अध्यक्ष दिनेश जैन से मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष मानसिंह चौहान ने शनि मंदिर में हो रहे विकास कार्यों में उनके द्वारा किए जा रहे सहयोग के लिए समिति की तरफ से आभार व्यक्त किया इस दौरान उन्होंने मंदिर में चल रही विकास कार्यों तथा अन्य योजनाओं के बारे में भी श्री जैन से विचार विमर्श किया।

## तमंचा समेत बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-24 पुलिस ने आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश के पास से तमंचा कारतूस बरामद हुए हैं।

थाना प्रभारी विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सेक्टर 57 रेड लाइट के पास एक बदमाश आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बदमाश को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम मनीष पुत्र सुदामा निवासी ग्राम चौड़ा रघुनाथपुर बताया। पकड़ा गया आरोपी मूल रूप से जिला बक्सर बिहार का रहने वाला है। आरोपी ने बताया कि वह आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा था। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

# 4 जनवरी से होगा डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में आयोजित होने वाले डीएवी राष्ट्रीय खेल




प्रतियोगिताओं के संबंध में सरला डीएवी पब्लिक स्कूल ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

डीएवी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या चित्राकांत ने बताया कि डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 4 जनवरी से किया जाएगा 4 और 5 जनवरी को छात्राओं की प्रतियोगिता वही 7 और 8 जनवरी को छात्रों की प्रतियोगिता होगी।

उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों के स्वास्थ्य, खान पान, रहन सहन के साथ साथ उनके लिए गर्म पानी का विशेष ध्यान दिया जाएगा। खेलों को खेल भावना से खेलने की बात पर अधिक बल दिया जाएगा। प्रतियोगिताएँ अंडर -14, अंडर -17, अंडर -19 तीन स्तरों पर आयोजित की जाएँगी । विशेष उपलब्धि है कि इस बार खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफ़ेयर्स एवं खेल भारत सरकार द्वारा दिए जाएंगे ।

खेल विभागाध्यक्ष अमिता जोशी ने बताया कि हमारे विद्यालय के 85 खिलाड़ी विभिन्न खेलों में भाग ले रहे हैं, जिसमें आयुष्य राणा , हर्षित शर्मा, तनीषा सोनी, दक्ष राणा, अंश, यशी कौशिक, शार्वी ने भाग लेंगे।

भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले हमारे होनहार खिलाड़ी साक्षी कसाना, प्राची सिंह, दीपशिखा सिंह, लिखित, ध्रुव, यश्वी भट्ट आदि अनेक प्रतिभागी भारत के गौरव को बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं।

